CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-03-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 03-16-2026 22:28 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 17 मार्च 2026 > फाल्गुन 26 शक संवत 1947 चैत्र कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 80, संख्या 64 > पेज 14* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

होर्मुज़ पर ईरान से पहले कोई समझौता नहीं था: जयशंकर
▸p5

क्रिकेट में दबदबा देखने का सपना सच हो रहा: मिताली
▸p9

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

फटाफट खबरें

प्रदूषण घटने के बाद GRAP-1 हटा

बारिश के बाद सोमवार को दिल्ली की हवा कुछ और सुधरी और GRAP-1 को हटा दिया गया। अब तंदूर जलाने में कोयले और लकड़ी के इस्तेमाल पर रोक नहीं होगी। इमरजेंसी में डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर रोक भी हट गई है।

छुट्टी लेने पर टोका तो मार दी गोली

लोनी के बलराम नगर में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर की गार्ड ने गोली मारकर हत्या कर दी। बैंक मैनेजर ने सोमवार को गार्ड को ड्यूटी पर लेट आने और ज्यादा छुट्टी लेने पर टोका था। आरोप है कि इस पर गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

हरीश की दया मृत्यु में लगेगा वक्त

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हरीश राणा की निष्क्रिय दया मृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) को लेकर एम्स में असेसमेंट जारी है। डॉक्टर सीमा मिश्रा की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम पैलेटिव केयर में जुटी है। लेकिन, जो स्थिति बनी हुई है, उसमें लंबा समय लग सकता है।

ट्रंप को ना-टो

सहयोगी देशों से US के राष्ट्रपति ने होर्मुज को खोले रखने के लिए मदद मांगी थी

मदद की अपील के बाद कई देशों ने अपने युद्धपोत भेजने से इनकार कर दिया है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सहयोगी देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य खुला रखने के लिए युद्धपोत भेजने की अपील का असर होता नहीं दिख रहा। कई देशों ने युद्धपोत भेजने के लिए हामी नहीं भरी है। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि अगर सहयोगी देश होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में मदद नहीं करते हैं, तो यह NATO के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। फाइनैंशल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि चीन से जलडमरूमध्य की सुरक्षा में मदद की उम्मीद है। साथ ही यह भी संकेत दिया कि मदद न करने पर वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ होने वाली मुलाकात को टाल सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर सहयोगी देश मदद नहीं करते हैं तो वह इसे याद रखेंगे।

> अगर सहयोगी मदद नहीं करते है तो NATO के लिए बहुत बुरा होगा।
> -डॉनल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति, US

होर्मुज जलडमरूमध्य पर ट्रंप की मदद की अपील के जवाब में चीन ने कहा कि सभी पक्ष पश्चिम एशिया में सैन्य अभियान तुरंत रोकें। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि वह रास्ता फिर से खोलने पर काम कर रहे हैं, लेकिन युद्ध में शामिल नहीं होंगे। जापान ने समुद्री सुरक्षा अभियान शुरू न करने की बात कही है। ऑस्ट्रेलिया ने भी नौसैनिक जहाज भेजने की संभावना से इनकार किया है। जर्मनी ने कहा कि यह उसका युद्ध नहीं है। (इनपुट: AP)

दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला

AFP
हमले के बाद फ्लाइट्स ऑपरेशन थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा

पकड़ी गई सिलिंडर की जमाखोरी

दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में अवैध रूप से LPG सिलिंडरों की जमाखोरी पकड़ी। छापेमारी के दौरान गोदाम से अलग-अलग कंपनियों के 610 सिलिंडर बरामद किए गए।

उन्हें सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए रखा गया था। सिलिंडर भरे और खाली दोनों तरह के थे। स्टॉक रेकॉर्ड में भी बड़ी गड़बड़ी सामने आई।

वॉर अपडेट्स

- LPG लदे दो जहाजों में से एक शिवालिक सोमवार को गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंच गया।
- दूसरा जहाज नंदा देवी मंगलवार को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा।
- जहाज 'जग लाडकी' करीब 81 हजार टन क्रूड ऑयल के साथ आ रहा है। इसके भी मंगलवार को पहुंचने की उम्मीद है।
- भारत ने कहा, होर्मुज को लेकर US के साथ कोई बातचीत नहीं हुई। ईरान से 550 से ज्यादा भारतीयों ने आर्मीनिया में प्रवेश किया।

बाइक रैली में आ रही है आप?

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर NBT गुड़गांव ने लाया है आपके लिए ऑल वुमन बाइक रैली में शामिल होने का मौका। आज ही करा लें रजिस्ट्रेशन।
» देखें फरीदाबाद टाइम्स

ऐसे बनें हिस्सा
7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें

जगह: लेजर वैली, कंक्रीट पार्किंग, सेक्टर-29, गुड़गांव
तारीख: संडे 22 मार्च 2026

NBT ALL WOMEN BIKE RALLY 2026

ओडिशा में अस्पताल के ICU में आग से 10 मरीज़ों की मौत

■ पीटीआई, भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार के SCB मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ICU में रविवार रात आग लगने से 10 मरीजों की मौत हो गई। हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के 11 कर्मचारी झुलस गए। आग लगने की वजह की जांच के लिए 6 लोगों की एक कमिटी बनाई है। माझी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आग लगने से 7 मरीजों की मौत हुई, जबकि 3 लोगों की दम घुटने से जान चली गई। अस्पताल के ट्रॉमा केयर डिपार्टमेंट के ICU में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज चल रहा था।

PTI
भुवनेश्वर में हादसा मरीजों को बचाने गए 11 कर्मचारी भी झुलस गए

2 बार बिजली गई, फिर धुएं से भरा ICU

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'बिजली दो बार गुल हुई और फिर आग लग गई और पूरे ICU में धुआं भर गया। मैंने दमकल कर्मियों को फोन किया और वे करीब 20 मिनट बाद पहुंचे।' एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि नर्स के कहने पर कुछ बिजली के उपकरणों को बंद कर ICU से 7 मरीजों को बाहर निकाला।

24 भाषाओं में पुरस्कार

ममता कालिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार का ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : हिंदी साहित्यकार ममता कालिया को संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार-2025 दिया जाएगा। अंग्रेजी में 'क्रिमसन स्प्रिंग' (उपन्यास) के लिए नवतेज सरना, उर्दू में 'सफर जारी है' (कविता) के लिए त्रिलोचन सिंह और पंजाबी के लिए लेखक जिंदर को चुना गया है। पुरस्कार 31 मार्च को दिए जाएंगे। साहित्य अकादमी ने सोमवार को पुरस्कार की घोषणा की।

ममता कालिया

मूवी 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को 6 ऑस्कर

■ एपी, लॉस एंजिलिस

पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' (One battle after another) ने ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत 6 पुरस्कार जीते, जबकि फिल्म 'सिनर्स' को 4 अवॉर्ड मिले। बेस्ट पिक्चर की कैटिगरी में एंडरसन की मूवी और ऐक्टर माइकल बी. जॉर्डन की फिल्म सिनर्स के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जॉर्डन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले छठे अश्वेत ऐक्टर हैं। अभिनेत्री जेसी बकले को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। समारोह का श्रद्धांजलि खंड इस बार 15 मिनट लंबा था लेकिन धर्मेंद्र का जिक्र नहीं था। श्रद्धांजलि खंड में भारतीय फिल्म जगत की हस्तियों को श्रद्धांजलि दी जाती रही है।

AP
प्रियंका चोपड़ा और जेवियर बार्डेम

शांति की अपील गूंजी

ऑस्कर के मंच पर ऐक्टर जेवियर बार्डेम ने युद्ध और फलस्तीन के मुद्दे पर शांति की अपील की। उन्होंने अपने ब्लेजर पर स्पेनिश में 'No a la Guerra' यानी 'युद्ध नहीं' लिखकर पिन किया था और फ्री फलस्तीन का बैज लगाया था।

'सिंदूर' पर कमेंट

अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पर मुकदमा नहीं चलेगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हरियाणा सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ मामला बंद करने का फैसला किया है। महमूदाबाद पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट करने के लिए केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने कहा, 'हमें संदेह की वजह नहीं दिख रही कि प्रोफेसर भविष्य में विवेकपूर्ण तरीके से काम करेंगे। कभी-कभी, स्थिति इतनी संवेदनशील होती है कि हम सभी को सावधान रहना पड़ता है।'

महमूदाबाद

राज्यसभा चुनाव: बिहार में NDA को 5 सीटें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राज्यसभा के चुनाव के लिए सोमवार को तीन राज्यों ओडिशा, हरियाणा और बिहार की 11 सीटों के लिए मतदान हुआ। ओडिशा में BJP दो और एक निर्दलीय उम्मीदवार और एक बीजेडी के उम्मीदवार ने जीत हासिल की। बिहार की पांचों सीटों पर NDA उम्मीदवार जीते हैं। महागठबंधन के 4 MLA वोटिंग से गैरहाजिर रहे। हरियाणा की दो सीटों पर मतगणना पर आपत्ति के बाद नतीजों का इंतजार रहा। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। 26 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध जीते हैं।

> ओडिशा, हरियाणा और बिहार की 11 सीटों के लिए हुआ मतदान

हरियाणा से राज्यसभा की दो सीटों के लिए सोमवार को शाम चार बजे तक वोटिंग हुई। पूर्व घोषित शेड्यूल के हिसाब से शाम 5 बजे काउंटिंग शुरू होनी थी मगर शाम 9 बजे के बाद भी वोटों की गिनती शुरू नहीं हो पाई।

मुकद्दस रमज़ान

इफ्तार मंगलवार
सुन्नी 6:21 pm
शिया 6:42 pm

सहरी बुधवार
सुन्नी 5:27 am
शिया 4:59 am

हैपी मॉर्निंग

पेपर में सवाल आया कि अंग्रेजी में अनुवाद करें- 'संतोष आम खाता है।'
टिंकू ने अनुवाद किया, जिसे पढ़कर अंग्रेजी की भी आत्मा कांप गई- 'Satisfaction is a general account'

अर्थसार

सेंसेक्स	75,502.85 (+938.93)
निफ्टी	23,408.80 (+257.70)
रुपया/US डॉलर	92.39 (-0.04)
रुपया/यूरो	105.58 (-0.71)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,60,250 (-2,950)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,56,500 (-9,000)

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

मौसम

अधिकतम तापमान 32.2°
17.4° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 6:30 मंगलवार | सूर्योदय 6:28 बुधवार
19 मार्च तक बादल छाए रहेंगे, बारिश के बन रहे आसार।

NBT AI टाइम मशीन

आज हुई थी कैलीफॉर्नियम की खोज

आज ही के दिन रेडियोएक्टिव एलिमेंट कैलीफॉर्नियम की 1950 में खोज की गई थी। अमेरिकी की कैलिफॉर्निया यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट स्टैनली जी थॉम्पसन, केनेथ स्ट्रीट जूनियर, अल्बर्ट घियोर्सो और ग्लेन टी सीबॉर्ग ने इसे खोजा था। कैलिफॉर्निया राज्य के नाम पर इसका नाम कैलीफॉर्नियम रखा गया और यह अत्यंत दुर्लभ, शक्तिशाली रेडियोधर्मी तत्व माना जाता है। यह दुनिया के सबसे महंगे तत्वों में से भी एक है।

NBT

AI और रोबॉट से सेफ होंगे बदलाव

ChatGPT के मुताबिक, वैज्ञानिक परमाणु कचरे को कम खतरनाक बनाने के लिए न्यूक्लियर ट्रांसम्यूटेशन जैसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं, जिससे लंबे समय तक खतरनाक रहने वाले तत्वों को बदलना संभव हो सकता है। रोबॉटिक्स, AI और रिमोट हैंडलिंग सिस्टम के कारण इंसानों का सीधा संपर्क रेडियोधर्मी पदार्थों से बहुत कम होगा। हालांकि कुछ तत्वों की आधी आयु हजारों साल होती है, इसलिए खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होगा, लेकिन दुनिया आज से ज्यादा सुरक्षित होगी।

AI Images

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह **'Gen She'** है। **IRA 2026** बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां। **खूबसूरती अब किसी की मोहताज नहीं।** हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। **आज ही रजिस्टर करें। व्हॉट्सऐप नंबर -7003690071**

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. किसे हिंदी में साहित्य अकादमी पुरस्कार देने का ऐलान हुआ है?
A. ममता कालिया B. नवतेज सरना, C. प्रसून बंद्योपाध्याय
2. पॉल थॉमस एंडरसन की किस फिल्म ने इस साल के ऑस्कर अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत 6 पुरस्कार जीते?
A. फैंटम थ्रेड B. इनहेरेंट वाइस C. वन बैटल ऑफ्टर अनदर
3. भारतीय जहाज कतर से LPG लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। उसका नाम क्या है?
A. सिंदूर B.अप्सरा C. शिवालिक
4. Battle Of Galwan फिल्म का नया नाम क्या होगा?
A. मातृभूमि B. वीर C. जय
5. बंगाल में ममता बनर्जी की सीट पर BJP ने किसे प्रत्याशी बनाया है??
A. मिथुन, B. सुवेंदु अधिकारी C. दिलीप घोष

कल के जवाब

A1 A. पंजाब A2 A. कांतीलाल A3 B. बेल्जियम A4 C. असम A5 B. दत्तात्रेय होसबले

लकी विनर्स

1. रश्मि नागा, लखनऊ
2. अतर सिंह, हरि नगर, दिल्ली
3. रिलेंद्र सिंह, साहिबाबाद

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

सरकार का दावा- देशभर में पेट्रोल, डीजल और LPG की पूरी सप्लाई

राहत की उम्मीद: LPG लेकर एक जहाज़ पहुंचा, दूसरा आज आएगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले से पश्चिम एशिया में बने हालात के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कहीं कोई तंगी नहीं है। LPG सिलिंडर के मामले में स्थिति चिंताजनक है, लेकिन देश में किसी भी LPG डिस्ट्रिब्यूटर के पास सिलिंडर खत्म होने की स्थिति नहीं है। घरेलू LPG उपभोक्ताओं को पूरी सप्लाई दी जा रही है।

सरकार ने कहा कि फारस की खाड़ी से चले LPG लदे दो जहाजों में से एक शिवालिक सोमवार शाम मुंद्रा पोर्ट पर पहुंच गया। दूसरा जहाज नंदा देवी मंगलवार को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा। ये दोनों कुल 92712 टन LPG ला रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के उस पार अभी 22 भारतीय जहाज हैं, जिन पर सवार सभी 611 लोग सुरक्षित हैं। भारतीय जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार टन क्रूड ऑयल के साथ आ रहा है और मंगलवार को इसके पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, ईरान से 640 भारतीयों को थल सीमा के जरिए आर्मीनिया और अजरबैजान लाया जा चुका है।

> कहा, PNG कनेक्शन पर दी जा रही छूट, कालाबाजारी रोकने के लिए राज्य उठा रहे कदम।

तेल एवं गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और शिपिंग मिनिस्ट्री के अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग में तेल एवं गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल की पर्याप्त सप्लाई हो रही है और रिफाइनरी 100% क्षमता पर काम कर रही हैं।

सरकार ने दावा किया कि राज्यों ने कमर्शल LPG का आवंटन भी प्रॉयरिटी के आधार पर करना शुरू कर दिया है। LPG उपभोक्ताओं को PNG कनेक्शन लेने पर सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां छूट दे रही हैं। देश में LPG का उत्पादन 36% बढ़ चुका है।

Uma Kadam

इंतजार मुंबई के कांदिवली में HP-LPG वितरण केंद्र के पास गैस सिलिंडर रिफिल कराने के लिए लंबी कतार लगी।

LPG सिलिंडरों की ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी

ब्रीफिंग में बताया गया कि LPG सिलिंडरों की ऑनलाइन बुकिंग बढ़ी है। रविवार के आंकड़ों के हिसाब से करीब 90% बुकिंग ऑनलाइन है। डिलिवरी ऑथेंटिकेशन कोड का उपयोग भी 72% हो गया है, जो पहले 53% हुआ करता था।' सुजाता ने कहा, '5 मार्च के बाद से देश में LPG उत्पादन 36% बढ़ा है। कमर्शल LPG सिलिंडर में एजुकेशन और हॉस्पिटल को प्राथमिकता दी जा रही है। यह राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है कि वे किसको पहले देने की जरूरत देख रहे हैं।'

PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव

सुजाता ने कहा, 'PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव दिए जा रहे हैं। IGL ने कहा है कि जो भी LPG कंज्यूमर 31 मार्च से पहले PNG कनेक्शन लेकर गैस लेना शुरू कर देंगे, उनको 500 रुपये की गैस फ्री दी जाएगी। महानगर गैस ने डोमेस्टिक PNG उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपये का रजिस्ट्रेशन चार्ज और कमर्शल उपभोक्ताओं के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट माफ कर दिया है।'

कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला है

भारतीयों को लाने के मसले पर विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को विभिन्न जगहों से 45 से ज्यादा फ्लाइट्स भारत के लिए तय थीं। कतर का एयरस्पेस आंशिक रूप से खुला हुआ है। सोमवार और मंगलवार को कतर एयरवेज भारत के लिए 3 फ्लाइट्स का संचालन कर सकती है।

युद्ध के बीच इंडक्शन चूल्हे की मांग

■ NBT रिपोर्ट : **ईरान के** साथ अमेरिका-इस्राइल के युद्ध के बाद से एलपीजी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंता के कारण इंडक्शन और अन्य इलेक्ट्रिक कुकिंग उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ी है। कई राज्यों में गैस सिलिंडर खरीदने के लिए लोगों की लंबी कतारें और घबराहट में खरीदारी भी देखी गई है। इसी वजह से घरों और छोटे व्यवसायों ने बैकअप के रूप में इलेक्ट्रिक उपकरण अपनाने शुरू कर दिए हैं।



लोकल सर्कल्स के एक सर्वे के अनुसार, पिछले हफ्ते 57% घरों को एलपीजी सिलिंडर मिलने में देरी का सामना करना पड़ा और लगभग हर 5 में से 1 व्यक्ति ने सिलिंडर ब्लैक मार्केट से खरीदा। विशेषज्ञों का कहना है कि पहले इंडक्शन कुकटॉप को सिर्फ सुविधा के लिए खरीदा जाता था, लेकिन अब इसे गैस की कमी के समय जरूरी बैकअप उपकरण के रूप में देखा जा रहा है।

पिछले 10 दिनों में उपभोक्ताओं के व्यवहार में तेजी से बदलाव देखा गया है और गैस पर निर्भर रसोई के लिए इंडक्शन कुकटॉप तुरंत विकल्प बनकर उभरा है।

इस स्थिति को समझने के लिए LocalCircles ने एक सर्वे किया, जिसमें भारत के 304 जिलों से 39,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें 61% पुरुष और 39% महिलाएं थीं।

मार्च में इंडक्शन की खरीदारी

सर्वे के अनुसार, 23% भारतीय परिवारों ने मार्च में इंडक्शन कुकिंग टॉप खरीदा। सर्वे में 20,141 लोगों ने बताया कि उन्होंने इंडक्शन कैसे खरीदा।

6%	रिटेल स्टोर
13%	ऑनलाइन स्टोर
4%	अन्य माध्यमों से
34%	पहले से ही इंडक्शन था
40%	नहीं खरीदा
3%	स्पष्ट उत्तर नहीं दिया

एक अन्य सवाल में, जिन लोगों ने इंडक्शन खरीदा उनसे पूछा गया कि उन्होंने इसे क्यों खरीदा। 19,647 लोगों के जवाब में पाया गया:

16%	पड़ोसी भी खरीद रहे
75%	एलपीजी की कमी हो सकती है
9%	

होर्मुज से आने वाले जहाजों को एस्कॉर्ट कर रहे हैं नेवी के वॉरशिप

File photo (source : Indian navy)

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे भारतीय झंडे वाले व्यापारिक जहाजों को इंडियन नेवी के वॉरशिप सुरक्षा दे रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक एलपीजी कैरियर शिवालिक और नंदा देवी जहाज को इंडियन नेवी के वॉरशिप ने एस्कॉर्ट किया और तीसरे भारतीय फ्लैग वाले शिप जग लाडकी जहाज को भी रविवार रात से इंडियन नेवी के वॉरशिप ने एस्कॉर्ट किया। इन जहाजों की सुरक्षा के लिए नेवी के वॉरशिप उन्हें सुरक्षित जगह तक एस्कॉर्ट कर रहे हैं।

> नेवी के तीन वॉरशिप तैनात भारतीय जहाजों की सुरक्षा कर रहे सुनिश्चित

सूत्रों के मुताबिक उस इलाके में इंडियन नेवी के तीन वॉरशिप तैनात हैं, जो लगातार पट्रोलिंग भी कर रहे हैं। होर्मुज स्ट्रेट के ईस्ट में ओमान की खाड़ी इलाके में इंडियन नेवी का वॉरशिप आईएनएस सूरत तैनात है जो वहां निरंतर पट्रोलिंग कर रहा है और हालात पर पूरी नजर रखे हुए हुए। आईएनएस सूरत की इतनी क्षमता है कि जरूरत पड़ने पर तुरंत रिएक्ट कर सकता है और मानवीय मदद भी पहुंचा सकता है।

एंटी-शिप मिसाइल और टॉरपीडो से लैस

आईएनएस सूरत आधुनिक गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर है। यह लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। ये एंटी-शिप मिसाइल, टॉरपीडो और उन्नत तोप प्रणाली से सुसज्जित है। इसमें हेलिकॉप्टर संचालन की सुविधा है, जिससे निगरानी और पनडुब्बी रोधी अभियान में मदद मिलती है।

ओमान की खाड़ी में आईएनएस सूरत ऑपरेशन संकल्प के तहत तैनात है। ये वहां से गुजर रहे मर्चेंट शिप को सुरक्षा देता है। 2017 में नेवी ने मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट की शुरुआत की थी। दुनिया भर में नेवी के कुल 6 मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट हैं। इसमें हमेशा नेवी के कम से कम एक वॉरशिप मौजूद रहता है।

कहां-कहां वॉरशिप?

आईएनएस सूरत मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट के तहत ही ऑपरेशन संकल्प में होर्मुज स्ट्रेट के ईस्ट में ओमान की खाड़ी में तैनात है। दूसरा डिप्लॉयमेंट अदन की खाड़ी में है। ये भी बड़ा ट्रेड रूट है जो स्वेज कैनाल से रेड सी होते हुए गुजरता है। ये सबसे बड़ा पायरेसी का इलाका है। यहां नेवी का वॉरशिप लगातार सुरक्षा देता है। तीसरा मिशन बेस्ड डिप्लॉयमेंट सेशेल्स के पास है, जो केप ऑफ गुड होप रूट से आने वाले या फिर उस इलाके में होने वाली समुद्री डकैती को रोकने के लिए तैनात है। चौथा मालदीव के पास, पांचवा मलक्का स्ट्रेट के पास और छठा उत्तरी बंगाल की खाड़ी में है।



कानून की शिक्षा पर अपने विचार नहीं थोप सकते: SC

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि कानूनी शिक्षा से जुड़े मामलों में वह अपने विचार थोप नहीं सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड LL.B. कोर्स को चार साल करने की मांग की गई है।

> 12वीं के बाद लॉ कोर्स पांच के बदले चार साल करने की गुहार

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में प्रख्यात विधि विशेषज्ञों (ज्यूरिस्ट्स) से मिलकर एक लीगल एजुकेशन कमिशन बनाने की मांग की गई है, जो कानूनी शिक्षा की व्यवस्था, कोर्स की अवधि और सिलेबस की समीक्षा और सुधार कर सके।

उपाध्याय ने 2025 में दायर इस याचिका का तत्काल सूचीबद्ध करने का मौखिक अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि भारत में CA और B.Tech सहित तमाम पेशेवर कोर्स चार साल के होते हैं, जबकि कानून का कोर्स पांच साल का है। इससे प्रतिभाशाली छात्र इस क्षेत्र में आने से हिचकते हैं।

भारत-अमेरिका ट्रेड पर बोले अफसर

'टैरिफ की पिक्चर साफ होने पर साइन होगी डील'

अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस ने सोमवार को संसद घेराव और हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ को वहां के सुप्रीम कोर्ट की ओर से खारिज कर दिए जाने के बाद वहां नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर काम हो रहा है। अमेरिकी प्रशासन जब यह काम पूरा कर लेगा, उसके बाद नए अमेरिकी टैरिफ स्ट्रक्चर को देखते हुए उसके साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर दस्तखत किए जाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह बात कही।

उन्होंने सोमवार को कहा कि अगर अमेरिकी टैरिफ की नई व्यवस्था में दूसरे देशों पर टैरिफ 18% से नीचे रखा जाएगा, तो भारत उन प्रतिद्वंद्वी देशों के मुकाबले इसे इससे भी कम रखने के लिए बात करेगा। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा, 'परस्पर लाभप्रद व्यापार समझौते के लिए भारत अमेरिकी पक्ष से लगातार संपर्क में है।' वहीं, दूसरे अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका नए टैरिफ स्ट्रक्चर पर काम कर रहा है। इसके फाइनल हो जाने पर हम ट्रेड डील पर आगे बढ़ेंगे। 18% टैरिफ रेट बदल सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पहले अगर किसी देश पर अमेरिकी टैरिफ 20 या 21% था और नए स्ट्रक्चर में वह 15% से नीचे आता है, तो हम भी डील के तहत बात करेंगे।

डिजिटल अरेस्ट: अगले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को कहा कि वह अगले सप्ताह डिजिटल अरेस्ट के पीड़ितों से जुड़े एक स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) मामले की सुनवाई करेगा। 9 फरवरी को शीर्ष अदालत ने डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम हड़प लिए जाने को सीधे-सीधे 'लूट या डकैती' बताया था। साथ ही केंद्र सरकार से कहा था कि वह RBI, बैंकों और दूरसंचार विभाग (DoT) जैसे संबंधित पक्षों से परामर्श करके ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SoP) तैयार करे। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने सोमवार को यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने उठाया। शीर्ष लॉ ऑफिसर ने कहा कि वह उसी दिन इस मामले में एक स्थिति रिपोर्ट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काम आगे बढ़ रहा है और पीठ से अनुरोध किया कि सोमवार को सूचीबद्ध इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह की जाए।

> SC ने खुद लिया था डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामले पर संज्ञान।

इस्राइली गोलियों का शिकार हुआ ईद की खरीदारी से लौट रहा परिवार

फायरिंग में फलस्तीनी पति-पत्नी और दो मासूम बेटों की मौत

■ NBT रिपोर्ट

रमजान की एक शांत रात, जब फलस्तीन के तम्मून गांव का बनी ओदेह परिवार ईद की खुशियों की तैयारी में जुटा था, अचानक मातम में बदल गई। 37 साल के अली और उनकी पत्नी वाद अपने चार बच्चों के साथ नाबलुस शहर से खरीदारी कर लौट रहे थे। बच्चों के हाथों में नए कपड़े और खिलौने थे। घर वापसी के सफर में त्योहार की चर्चा हो रही थी। लेकिन, आधी रात के करीब, जब उनकी कार घर के रास्ते पर थी, इस्राइली सुरक्षा बलों की गोलियों ने इस पूरे परिवार को निशाना बना लिया।

सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस भीषण गोलीबारी में अली, उनकी पत्नी वाद और उनके दो मासूम बेटे, जिनकी उम्र महज 5 और 7 साल थी, की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार दो अन्य बच्चे इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। चश्मदीदों का कहना है कि परिवार पर बिना किसी चेतावनी के सीधे फायरिंग की गई। इस्राइली सेना ने इसे एक संदिग्ध कार पर की गई कार्रवाई बताया है।

मिट गई खुशी गोलीबारी में मोहम्मद (दाएं) और उस्मान (दाएं बीच में) मारे गए। उनके भाई खालिद (बाएं) और मुस्तफा (बाएं बीच में) बच गए।

इस्राइली सुरक्षाबलों पर गंभीर आरोप

इस्राइली सुरक्षाबलों की फायरिंग में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत पर फलस्तीनी रेड क्रीसेंट ने आरोप लगाया कि सैनिकों ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस को समय पर पहुंचने से भी रोका, जिससे घायलों को मदद मिलने में देरी हुई।

एक और घटना, युवक की हत्या

इसी रात नाबलुस के दक्षिण स्थित कुसरा गांव में इस्राइली सेटलर्स (बस्तियों में रहने वाले नागरिक) ने फलस्तीनी आबादी पर हमला बोल दिया। हमले में 28 वर्षीय अमीर मोआताशेम ओदेह की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

वांगचुक की रिहाई के बाद प्रदर्शन

■ **पीटीआई, लेह:** लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) द्वारा लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची लागू करने की मांग के समर्थन में किए गए आह्वान पर सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लेह शहर में आयोजित रैली में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया, जबकि करगिल में बंद रहा। सितंबर में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़कने के बाद से एलएबी द्वारा यह पहली बड़ी रैली थी। यह जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत लगभग छह महीने की हिरासत के बाद केंद्र द्वारा रिहा किए जाने के दो दिन बाद हुई है।

भारत-बेल्जियम के बीच सहयोग पर हुई चर्चा

■ **NBT रिपोर्ट:** ब्रसेल्स में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। ANI के अनुसार, इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश को मजबूत करने के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य, तकनीक और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बातचीत में भारत और बेल्जियम के बीच रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार किया गया। जयशंकर ने X पर जानकारी दी।

ट्यूलिप का रूमानी एहसास...

श्रीनगर स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन पर्यटकों के लिए खोल दिए गए। यहां सोमवार को काफी संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचे।

सलमान की 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम हुआ 'मातृभूमि'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** बॉलिवुड अभिनेता सलमान खान ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदलकर 'मातृभूमि' कर दिया गया है। प्रतीक्षित फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 में हुए गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है और इसका निर्देशन शूटआउट एट लोखंडवाला के लिए मशहूर अपूर्व लखिया ने किया है। अभिनेता ने फिल्म के अचानक नाम बदलने का कोई कारण नहीं बताया। फिल्म का नया टैगलाइन है, मे वार रेस्ट इन पीस। यह नया शीर्षक संभवतः फिल्म के पहले गीत मातृभूमि से प्रेरित है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है।

साल 2025 के साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा

'जीते जी इलाहाबाद' के लिए ममता कालिया तो 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए नवतेज सरना को सम्मान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

हिंदी की वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया के संस्मरण "जीते जी इलाहाबाद" को साल 2025 के साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है। साहित्य अकादमी ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके साथ ही अंग्रेजी में 'क्रिमसन स्प्रिंग' (उपन्यास) के लिए नवतेज सरना को और उर्दू में 'सफर जारी है' (कविता) के लिए त्रिपाल सिंह बेताब को अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है।

कई पुरस्कारों से हो चुकी हैं सम्मानित : दो नवंबर 1940 को यूपी के वृंदावन में जन्मी ममता कालिया हिन्दी कथा साहित्य के फलक पर सातवें दशक से लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी प्रमुख कृतियों में दुक्खम सुक्खम, सपनों की होम डिलिवरी, कल्चर-वल्चर (उपन्यास), छुटकारा, उसका यौवन, मुखौटा, खांटी घरेलू औरत, कितने प्रश्न करूं (कविता-संग्रह), आप न बदलेंगे (एकांकी-संग्रह), कल परसों के बरसों, कितने शहरों में कितनी बार, अंदाज-ए-बयां उर्फ रवि कथा' आदि शामिल हैं। इससे पूर्व उन्हें 'व्यास सम्मान', 'यशपाल स्मृति सम्मान', 'महादेवी स्मृति पुरस्कार' सहित विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

उनकी कहानियों की भाषा अत्यंत सरल होने के बावजूद अपने पाठकों के साथ संवाद करती है।

साहित्यकार ममता कालिया

मैथिली में धात्री पात सन गाम (संस्मरण) सम्मानित

ममता कालिया के साथ ही 24 भारतीय भाषाओं के लिए इन पुरस्कारों की घोषणा की गई। असमिया के उपन्यास कढि खेलर साधु के लिए देवब्रत दास, बांग्ला में श्रेष्ठ कविता (कविता) के लिए प्रसून बंद्योपाध्याय, दोनै लामा: मोनसे साबेन (बोडो भाषा में उपन्यास) के लिए स्वयमसुलि ब्रह्म को और डोगरी में ठाकुर सतवाई (कविता, दोहे) के लिए खजूर सिंह ठाकुर को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मैथिली में धात्री पात सन गाम (संस्मरण) के लिए महेन्द्र को, मलयालम में मायामनुष्यर (उपन्यास) के लिए एन. प्रभाकरन को, मराठी में 'कालयात्रिका रेषा' (आत्मकथा) के लिए राजू बाविस्कर को साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जाएगा।

रोहतक में ओरल कैंसर क्लीनिक शुरू

■ NBT न्यूज, रोहतक: PGIMS स्थित डेंटल कॉलेज में सोमवार को ओरल कैंसर क्लीनिक शुरू हो गया। हेल्थ यूनिवर्सिटी के वीसी डा. एचके अग्रवाल ने क्लीनिक का शुभारंभ किया। क्लीनिक शुरू होने से दांतों से होने वाले कैंसर को शुरुआत में ही पकड़ा जा सकेगा और समय पर उनका इलाज किया जाएगा। ओरल कैंसर का पता लगाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के साथ एडवांस टूल भी आ गए है। इसके लिए सरकार की तरफ से ढाई करोड़ रुपए का बजट भी दिया गया है।

बारिश, तेज हवा से गेहूं के फसलों को नुकसान

NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र: जिले में रविवार को तेज बारिश और तूफान से कई जगह नुकसान हुआ। खेतों में पकाई की ओर पहुंची गेहूं की फसल बिछ गई तो वहीं बिजली के दर्जनों पोल भी टूट गए, जिसके चलते अधिकतर क्षेत्रों में रात भर बिजली गुल रही। बिजली निगम को सबसे ज्यादा नुकसान पिहोवा क्षेत्र में हुआ जहां करीब 15 पोल टूट जाने की सूचना निगम के पास पहुंची। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी पोल टूटे हैं। जिन्हें दुरुस्त करने के लिए निगम की टीमें बारिश रुकते ही रात को जुट गई थी। सुबह होने पर अधिकतर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। गेहूं की फसल बिछने से किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है। किसान रघुबीर, सतबीर, जयपाल, अमृतलाल और सुनहरा सिंह का कहना है कि बारिश और तूफान की वजह से बड़े स्तर पर गेहूं की फसल गिरी है। हालांकि अधिकतर फसल वहीं गिरी जिसमें किसानों द्वारा पानी दिया गया था। करीब तीन बजे के आसपास आसमान में बादलों की चादर छा गई जिसके कारण दिन में ही अंधेरा हो गया। मौसम में बदलाव आने से लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली।

'तूफान की वजह से कई पोल टूट गए'

खेतों में पकाई की ओर पहुंची गेहूं की फसल बिछ गई तो वहीं बिजली के दर्जनों पोल भी टूट गए, जिसके चलते अधिकतर क्षेत्रों में रात भर बिजली गुल रही। बिजली निगम को सबसे ज्यादा नुकसान पिहोवा क्षेत्र में हुआ जहां करीब 15 पोल टूट जाने की सूचना निगम के पास पहुंची। गेहूं की फसल बिछने से किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है।

सांसदों के पहरे में रखे गए कांग्रेस विधायक

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग का डर, पार्टी ने MLA पर निगरानी बनाए रखी

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए सोमवार को वोटिंग हुई। तीन प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में होने के कारण हुए मतदान में राज्य के 90 विधायकों में से 88 विधायकों ने वोट डाले। इंडियन नेशनल लोकदल ने राज्यसभा चुनाव से दूरी बनाते हुए वोट नहीं डाले। इस चुनाव में बीजेपी के संजय भाटिया, कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध और निर्दलीय सतीश नांदल चुनाव मैदान में हैं। विधायकों की संख्या के अनुसार प्रथम वरीयता के आधार पर संजय भाटिया राज्य सभा में पहुंच जाएंगे। दूसरी सीट के लिए दो प्रत्याशी मैदान में होने के कारण मतदान हुआ है। शाम चार बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले भारतीय जनता पार्टी की तरफ से खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने टोहाना से कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह और ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बैनीवाल पर वोट की गोपनियता भंग करने का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई। वहीं कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज की वोट पर आपत्ति जताई। चुनाव अधिकारी ने तीनों शिकायतें केंद्रीय चुनाव आयोग को भेज दी।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज वील चेयर की सहायता से मतदान करने पहुंचे।

केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा इस पर निर्णय लिए जाने के बाद ही मतगणना होगी। जिसके चलते तय समय पर शाम पांच बजे वोटों की गिनती शुरू नहीं हो सकी। कांग्रेस ने राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के डर से अंतिम समय तक अपने विधायकों को निगरानी में रखा। राज्य सभा चुनाव के लिए वोटिंग के दौरान कांग्रेस में कई नए समीकरण देखने को मिले। कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों के साथ सांसद दीपेंद्र हुड्डा, जय प्रकाश जेपी, वरुण चौधरी और सतपाल ब्रह्मचारी को भेजा था। हिमाचल दौरे पर गए कांग्रेस के सभी विधायक आज सुबह नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के चंडीगढ़ आवास पर पहुंचे। यहां से सभी विधायक बस में सवार होकर विधानसभा के लिए रवाना हुए। पंचकूला के विधायक चंद्रमोहन, बादली के विधायक कुलदीप वत्स और जुलाना की विधायक विनेश फौगाट हिमाचल नहीं गई थी। कुमारी सैलजा के करीबी पंचकूला के विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई वोट डालने के लिए नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की गाड़ी में सवार होकर पहुंचे। कुलदीप वत्स जाम में फंसे होने के कारण देरी से विधानसभा में पहुंचे। जुलाना की विधायक विनेश फोगाट भी सांसद दीपेंद्र हुड्डा की गाड़ी में सवार होकर वोट डालने के लिए पहुंची। मतदान प्रक्रिया की खास बात यह रही कि सांसदों ने एक-एक विधायक को मतदान केंद्र पहुंचाया और वोट डालने के बाद कांग्रेस के चीफ व्हीप आफताब अहमद उन्हें वापस लॉबी तक छोड़ने पहुंचे।

राज्यसभा के लिए सुबह 9 बजे से शुरु हुआ मतदान

सोमवार को राज्य सभा के लिए मतदान प्रकिया शुरु होने के बाद सबसे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा पहुंचे और वोट डाला। सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव, श्रुति चौधरी, अरविंद शर्मा, कृष्ण लाल पवार ने भी राज्य सभा के लिए वोट किया। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज दोनों पैरों में फ्रेक्चर के चलते व्हील चेयर पर वोट डालने के लिए पहुंचे। पुन्हाना से विधायक मोहम्मद इलियास बीमारी के चलते अपने दो सहयोगियों के साथ विधानसभा में वोट डालने के लिए पहुंचे। सुबह नौ बजे मतदान प्रक्रिया शुरु होने के बाद 11.15 बजे तक 25 विधायकों ने और 12.15 तक 40 विधायकों ने वोट डाला। दोपहर 12.30 बजे तक 50 विधायकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर 1.15 तक 62 विधायकों ने मतदाधिकार का प्रयोग किया।

जनता की आवाज पर लिया फैसला: चौटाला

इंडियन नैशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने राज्यसभा चुनाव में वोट देने के मुद्दे पर कहा कि जनता की आवाज पर इनेलो ने इस चुनाव से बाहर रहने का फैसला लिया है। सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में अभय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस से हमारी दूरी पहले से ही है। वहीं बीजेपी ने पिछले ग्यारह सालों में जातिवाद, सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया है। बीजेपी के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और विधायक रामकुमार गौतम की भाषा इनेलो विरोधी रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी हमारे बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। हम बीजेपी को वोट किसी कीमत पर नहीं देंगे। इस दौरान इनेलो के दोनों विधायक अदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला भी उनके साथ मौजूद रहे।

गुरुग्राम में मारे गए मजदूरों को दी गई श्रद्धांजलि

विधानसभा में सोमवार को बजट सत्र के दौरान गुरुग्राम हादसे में मारे गए सात मजदूरों को श्रद्धांजलि दी गई। विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दो मार्च को बजट पेश किया था। जिसके बाद दस मार्च से विधानसभा में अवकाश शुरु किया गया था। इस अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार की दोपहर दो बजे शुरु हुई। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण, माता प्रेम कौर कल्याण के निधन के चलते सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया। सदन के नेता और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सदन में प्रेम कौर को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए उन्हें आदर्शवादी महिला बताया। प्रेम कौर ने शिक्षित होने के बावजूद डेयरी के कार्य को जीवन में प्राथमिकता दी।

बंधक बनाकर पीटने के आरोप में धरना

■ NBT न्यूज, यमुनानगर: यमुनानगर जिले के बेलगढ़ क्षेत्र में स्टोन क्रेशर प्लांट पर दो युवकों को बंधक बनाकर मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने के मामले में कार्रवाई न होने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी को लेकर सोमवार को दलित समाज के लोग और भीम आर्मी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में लघु सचिवालय के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि बेलगढ़ क्षेत्र में स्थित एक स्टोन क्रेशर प्लांट पर भरत बेनिवाल और उनके साथी संजय के साथ मारपीट और बंधक बनाने की घटना सामने आई थी। शिकायत के अनुसार, एक मार्च को भरत बेनिवाल अपने साथी संजय के साथ बेलगढ़ क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की ओर से हो रहे अवैध खनन की सूचना पर बाइक से कवरेज करने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और संजय पर डंडों से हमला कर दिया।

SC/ST ऐक्ट के तहत केस दर्ज

पीड़ितों का आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने उनकी जाति पूछी और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। करीब डेढ़ घंटे तक दोनों को बंधक बनाकर रखा गया। पीड़ित भरत बेनिवाल का कहना है कि हमलावरों ने अपने चेहरे ढके हुए थे, लेकिन उनमें से उन्होंने प्लांट संचालक अमित गुर्जर को पहचान लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एससी-एसटी ऐक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

यमुनानगर में 36 लाख की अफीम समेत चार गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, यमुनानगर

यमुनानगर शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 36 लाख रुपए कीमत की 5 किलो 914 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

डीएसपी राजीव मिगलानी ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि खारवन रोड पर दो महिलाएं नशीला पदार्थ लेकर घूम रही हैं। सूचना के आधार पर उप निरिक्षक सतीश कुमार, एएसआई राजेंद्र सिंह, जसबीर सिंह, ललित, पंकज, पूनम, अनुराधा और सुल्तान की टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्ध महिलाओं को काबू किया और ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ वीरेंद्र कुमार की मौजूदगी में उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से 5 किलो 914 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत करीब 36 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में महिलाओं की पहचान बिहार के जिला मोतिहारी के गांव इजरानवादा की नाजरा खातून और तूफान के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि यह अफीम रामपुर कंबोयान के जुल्फकार और मुस्कान की प्रमिला को सप्लाई की जानी थी। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जगाधरी रोड स्थित तिकोनी चौक से जुल्फकार और प्रमिला को भी गिरफ्तार कर लिया। इस तरह मामले में अब तक तीन महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी जुल्फकार के खिलाफ पहले भी इसी तरह के दो मामले दर्ज है, जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

आरोपियों के पास से 5 KG अफीम मिला।

फतेहाबाद में गोली लगने से इंस्पेक्टर घायल, जांच जारी

■ NBT न्यूज, फतेहाबाद: फतेहाबाद में नैशनल हाइवे के पास गोली लगने से पुलिस विभाग में तैनात एक इंस्पेक्टर घायल हो गया। घायल इंस्पेक्टर को पहले प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हिसार रेफर कर दिया गया। घटना का एक विडियो भी सामने आया है, जिसमें इंस्पेक्टर आसपास मौजूद लोगों से खुद को गाड़ी में डालकर अस्पताल पहुंचाने की बात कहते दिखाई दे रहे हैं। घायल इंस्पेक्टर की पहचान शमशेर सिंह के रूप में हुई है, जो सिरसा पुलिस लाइन में तैनात हैं और टोहाना क्षेत्र के गांव धारसूल कलां के निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर ने खुद ही गोली चलाई है, जो उनके पेट के पास लगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

फैक्ट्री हादसा: एक और मजदूर की हुई मौत, 11 पहुंचा आंकड़ा

■ NBT न्यूज, जींद

सफीदों की गीता कॉलोनी में अवैध रूप से चल रही रंग-गुलाल फैक्टरी में लगी आग में झुलसी एक और महिला मजदूर ने सोमवार को पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस दर्दनाक हादसे में मरने वाली महिला मजदूरों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। वहीं छह अन्य झुलसे मजदूरों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

पुलिस ने इस मामले में फैक्टरी मालिक समेत चार लोगों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया है। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है। मामले की जांच एएसपी के नेतृत्व में गठित एसआईटी कर रही है।

बता दें कि सफीदों की गीता कॉलोनी में सात मार्च को रंग-गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में अचानक आग लग गई थी। इस हादसे में शिव कॉलोनी निवासी कश्मीरी देवी (39) गंभीर रूप से झुलस गई थी। उनका इलाज पीजीआई रोहतक में चल रहा था, जहां सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले आग लगने के दौरान महिला मजदूर पूजा, पिंकी, गुड्डी और ऊषा की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं सरिता और धनपति की आठ मार्च को पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

घटना के समय फैक्ट्री में 22 मजदूर कार्यरत थे

सफीदों की गीता कॉलोनी में सात मार्च को रंग-गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में अचानक आग लग गई थी। घटना के समय फैक्टरी में कुल 22 मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें 17 महिलाएं और पांच पुरुष शामिल थे। हादसे के दौरान चार महिला मजदूर छत से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रही। वहीं 13 महिलाएं और पांच पुरुष झुलस गए थे। इनमें से अब तक 11 महिलाओं की मौत हो चुकी है।

पानीपत में खंडहर मकान में मिला युवक का शव

■ NBT न्यूज, पानीपत: पानीपत में एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसके शव को शहर के पॉश इलाके सेक्टर 13/17 में एक खंडहर मकान में फेंक दिया गया। सोमवार को कुछ लोगों ने वहां शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। हत्या सुए जैसे किसी नुकीले हथियार से की गई है। मृतक के शरीर पर कई गहरे जख्म मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, हत्यारों ने दिल वाले हिस्से को टारगेट करते हुए सुए से छाती पर भी वार किया हुआ है। पुलिस ने FSL की टीम को बुलाया, जिसने घटनास्थल से उंगलियों के निशान और अन्य साक्ष्य इकट्ठा किए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। उधर, सूचना पर मिलने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनके बेटे को रविवार की शाम को उसके कुछ दोस्त बुलाकर ले गए थे।

युवक को घर से उसके दोस्त बुलाकर ले गए थे।

सिरसा में कार-बाइक की टक्कर, 2 युवकों की मौत

■ NBT न्यूज, सिरसा

सिरसा जिला के डबवाली में गोरीवाला रोड पर रविवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद एम्स बठिंडा रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर गोरीवाला से डबवाली की ओर आ रहे थे। गांव मौजगढ़ और गोरीवाला के बीच उनकी बाइक की सामने से आ रही एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को उपमंडल नागरिक अस्पताल डबवाली पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एम्स बठिंडा रेफर कर दिया गया। मृतकों के शवों को डबवाली के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक डबवाली की एक बेकरी में डिलीवरी का काम करते थे और मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शवों की नहीं हो पाई है पहचान: पुलिस

पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को डबवाली के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक डबवाली की एक बेकरी में डिलीवरी का काम करते थे और मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

पुण्य स्मृति में
श्रीमती सखी देवी मखीजा
28.10.1937 - 14.03.2026

जिन्होंने जीवन को इतनी खूबसूरती से जिया, उन्हें उतनी ही श्रद्धा और प्रेम से याद किया जाना चाहिए, कृपया रसम पगड़ी में सम्मिलित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

दिनांक : 17 मार्च 2026, मंगलवार
समय : शाम 4:00 बजे से 5:00 बजे तक
स्थान : Myst by Zora, लोधी रोड

स्नेह पूर्ण स्मरण

पुत्र एवं पुत्रवधू
अशोक एवं कोमल मखीजा
स्व. विद्या सागर एवं कीर्ति मखीजा
निर्मल एवं सरिता मखीजा
राजेश एवं स्वाति मखीजा
मुकेश एवं दीपाली मखीजा
विजय एवं हर्षा मखीजा

पोते एवं पोतवधू
सौरभ एवं वेरोनिका मखीजा
हर्षद एवं मेहर मखीजा
करन एवं प्रिंसी मखीजा

पोते
वरुन कुमार मखीजा
दुष्यंत मखीजा

पोतियाँ
सोनल मखीजा
रूचि मखीजा
इशानी मखीजा
वर्तिका मखीजा

परपोता
प्रीशिव मखीजा

एवं संपूर्ण मखीजा परिवार

ॐ
॥ श्रद्धांजलि ॥
लाला श्री जय कुमार जैन जी (बिठमड़ा वाले)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी लाला श्री जय कुमार जैन जी (बिठमड़ा वाले) का स्वर्गवास दिनांक 7 मार्च 2026, शनिवार को हो गया है।

उनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि एवं रस्म पगड़ी का कार्यक्रम दिनांक 17 मार्च 2026, मंगलवार को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक रखा गया है।

स्थान : द ग्रीन ऑक (हाकि टैंट एण्ड डेकोरेटर्स) क्राउन प्लाज़ा के पास, एम्बिएंस मॉल के सामने स्वर्ण जयंती पार्क, सेक्टर 10 रोहिणी, दिल्ली-85

शोकाकुलः
ओम प्रकाश जैन
प्रदीप जैन, अशोक जैन
एवं समस्त जैन परिवार (बिठमड़ा वाले)

स्व. लाला जय कुमार जैन जी
08.04.1934 - 09.03.2026

ओम अशोक ग्रेन ट्रेडर्स एलएलपी, नया बाजार
श्री तुलसी फूड्स, नया बाजार
नवकार ज्वेलर्स, रोहिणी एंव जैन प्रॉपर्टीज
9615151541, 9873252623, 9811232232

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

दिल्ली की हवा में और सुधार, आखिरकार GRAP-1 भी हटा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रविवार की बारिश के बाद दिल्ली की हवा में और सुधार दर्ज किया गया। इसके बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लान (GRAP) के स्टेज-1 को हटा दिया गया। इस साल पहली बार ऐसा हुआ है जब प्रदूषण का स्तर कम होने के कारण GRAP-1 हटाया गया है। इससे राजधानी में हवा की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जा रही है। सोमवार को दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 119 दर्ज किया गया। हालांकि सुबह यह 97 था, जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है। दिन बढ़ने के साथ प्रदूषण का स्तर थोड़ा बढ़ा और शाम तक AQI 119 पर पहुंच गया, जो 'सामान्य' श्रेणी में आता है। पिछले एक सप्ताह से दिल्ली में AQI लगातार कम हो रहा था और हवा की स्थिति खराब से सामान्य स्तर की ओर जा रही थी।

इस साल पहली बार हटाए गए प्रतिबंध

कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने सोमवार को GRAP के स्टेज-1 को हटाने का फैसला लिया। आयोग ने आदेश जारी कर बताया कि 16 मार्च को शाम 4 बजे दिल्ली का AQI 119 दर्ज किया गया, जो 'सामान्य' श्रेणी में आता है। मौसम की अनुकूल परिस्थितियों के कारण हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। आयोग की सब-कमिटी की बैठक में मौजूदा हालात और IMD-IITM के अनुमान की समीक्षा कर पाबंदियों को तुरंत हटा दिया गया।

मौसम खुशनुमा। सोमवार को चली ठंडी हवाओं की वजह से मौसम रहा सुहाना

बारिश ने फिर सुहाना बनाया मौसम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में सिर्फ एक दिन की हल्की बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया। अब मौसम विभाग ने 18 से 20 मार्च तक हल्की बारिश का अनुमान जताया है। 20 मार्च के लिए विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, इस दिन हल्की बारिश के साथ तेज रफ्तार हवाएं चल सकती हैं। इस हिसाब से अगले कुछ दिनों में तेज हवाओं और हल्की बारिश के कारण दिन के तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट भी देखने को मिल सकती है। सोमवार को ठंडी हवाओं के साथ सुबह और शाम को मौसम सुहाना रहा, हालांकि दिन में धूप तेज लगी। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 17 मार्च को भी दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

अब 18 से 20 मार्च तक हल्की बारिश का अनुमान

ये पिंक कार्ड बनवाना नहीं आसान... टोकन की मारामारी है, दिन पूरा खप जाना है

दिल्ली सरकार ने 2 मार्च को पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड योजना की शुरुआत की थी। जिससे महिलाएं डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त सफर कर सकें। पिंक कार्ड बनवाने के लिए 50 सेंटर्स खोले गए हैं, जहां तड़के 4:30 बजे से ही महिलाओं की लंबी लाइन लग रही है। सुबह से लाइन में लगने के बाद कई महिलाओं का नंबर दोपहर बाद आ रहा है। सेंटर्स पर कार्ड बनवाने में महिलाओं को क्या-क्या दिक्कतें आ रही हैं, पेश है बृजेश सिंह, सुदामा यादव, राजेश सरोहा, राम त्रिपाठी और राजेश पोद्दार की रिपोर्ट:

NBT रिएलिटी चेक

महिलाओं का कहना है कि ऑनलाइन मोड पर भी बनाए जाने चाहिए पिंक कार्ड

व्यवस्था से खुश नहीं दिखी महिलाएं

डीसी ऑफिस, ईस्ट जिला

सुबह 7 बजे से लाइन में लगे हैं। एक बज रहे हैं, लेकिन नंबर नहीं आया है। कर्मचारी कई औरतों को स्टाफ बताकर लाइन में आगे लगा देते हैं। सीनियर सिटिजन के लिए अलग से कोई लाइन भी नहीं है। विंडो के बाहर लाइन में लगी 75 साल की सविता भंडारी यहां की व्यवस्था से बहुत अधिक नाराज दिखीं। उनके साथ लाइन में मधु विहार-3 की सीनियर सिटिजन विनीता, बबीता भी थीं। जगतपुरी से आईं शैली और माधोनगर की लक्ष्मी कहती हैं कि ईस्ट दिल्ली में एक ही सेंटर बनाया गया है।

'सुबह के समय मचती है काफी आपा-धापी'

लाजपत नगर

फिरोज गांधी रोड के K ब्लॉक में स्थित उजाड़ पार्क में बने DTC बस सेक्शन तक जाने के लिए लोगों को कूड़े की बदबू का सामना करना पड़ रहा है। यहां एक हॉल में पिंक कार्ड बनाने के लिए 4 विंडो खुली हैं। लाजपत नगर के साथ विनोबा पुरी, नेहरू प्लेस, जल विहार आदि में रहने वाली महिलाएं सुबह के समय अधिक आती हैं। महिलाओं ने बताया कि सुबह 7 बजे से ही करीब 100 मीटर लंबी लाइन लग जाती है। काफी आपा-धापी मचती है। दोपहर 2 बजे तक 120 से अधिक पिंक कार्ड बन चुके थे। महिलाओं ने बताया कि लंच के बाद आराम से कार्ड बन रहे हैं।

टोकन मिलने में हो रही है दिक्कत

अलीपुर

मैं सोमवार सुबह 6 बजे डीएम आउटर नॉर्थ ऑफिस में अपना कार्ड बनवाने पहुंची। मुझे 85 नंबर का टोकन मिला। रविवार को भी आई थी, लेकिन टोकन नहीं मिला। लंच टाइम हो गया है। मैं बाहर खड़ी अपनी बारी का इंतजार कर रही हूं। यह कहना है स्वरूप नगर की रहने वाली मुन्नी देवी का। उन्होंने कहा, मैं दुकान चलाती हूं। दो दिन यहां आने की वजह से मुझे दुकान बंद करनी पड़ी। वहीं, अलीपुर की पूजा सैनी ने बताया कि आज उनका तीसरा दिन है। रविवार को भी 9 बजे पहुंची थी, तब तक टोकन खत्म हो गए थे।

नंद नगरी डिप्टी कमिश्नर (रेवेन्यू) ऑफिस

सिर्फ एक ही काउंटर चालू मिला

यहां काउंटर के बाहर पिंक कलर के बड़े-बड़े साइन बोर्ड लगे हैं। साइन बोर्ड पर पिंक कार्ड से जुड़ी हर एक जानकारी लिखी हुई है। यह भी लिखा है कि 5 साल या उससे अधिक उम्र की लड़कियां अपना पिंक कार्ड बनवा सकती हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ आधार कार्ड और आधार कार्ड पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर चाहिए। पिंक कार्ड बनवाने के लिए लाइन में लगी कृष्णा, राधिका और आरती ने बताया कि 5-6 महिलाओं को एक साथ अंदर भेजा जाता है। जब उन महिलाओं का कार्ड बन जाता है, तो फिर इसी तरह से बाकी महिलाओं को अंदर भेजा जाता है। टोकन बांटने के लिए काउंटर भले ही सुबह 9 बजे खुला, लेकिन महिलाएं काफी संख्या में पहले से लाइन में खड़ी थीं। शुरुआत में सिर्फ 120 टोकन बांटे गए। यहां सिर्फ एक ही काउंटर काम कर रहा है। काउंटर पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि एक काउंटर पर महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, जबकि दूसरे काउंटर से कार्ड दिए जा रहे हैं। टोकन लेने वाली महिलाओं के कार्ड बनने के बाद बिना टोकन वाली महिलाएं सीधे काउंटर पर कार्ड बनवा सकती हैं।

'लगाने पड़ गए कई चक्कर'

नंद नगरी DTC बस डिपो

काउंटर के पास पिंक कार्ड बनाने के लिए काउंटर खोले गए हैं। एक काउंटर सिर्फ सीनियर सिटिजन के लिए बनाया गया है। इस काउंटर पर दोपहर के समय मुश्किल से 4-5 बुजुर्ग महिलाएं लाइन में लगी हुई थीं। काउंटर से पिंक कार्ड लेकर बाहर निकलीं राजवती ने पूछने पर बताया कि वह नंद नगरी में रहती हैं। पिंक कार्ड बनवाने में कई चक्कर लगाने पड़ गए। पहले जब काउंटर पर पहुंचीं तो पता नहीं मोबाइल पर मैसेज नहीं आया। इस कारण दोबारा घर जाना पड़ा। घर से आधार कार्ड नंबर पर रजिस्टर्ड मोबाइल लेकर पहुंचीं तो इस बार मोबाइल पर मैसेज आ गया। बाकी दोनों काउंटर पर भी 7-8 महिलाएं लाइन में लगी हुई थीं। महिलाओं ने बताया कि उन्हें पिंक कार्ड बनवाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। मुश्किल से 10 मिनट में उनका नंबर आ गया।

'तड़के 4:30 बजे टोकन, दोपहर में आया नंबर'

द्वारका सेक्टर-2 बस डिपो

सुबह तड़के 4:30 बजे से टोकन की लाइन में हूं। दोपहर सवा दो बजे नंबर आया है। यह कहना है कि द्वारका की वीणा का। वह द्वारका सेक्टर-2 बस डिपो सेंटर पर पिंक कार्ड बनवाने आई थीं। वहीं, मंजू ने बताया कि अगर कोई सुबह टोकन न ले, तो शाम 5 बजे तक भी बारी नहीं आएगी। सभी सेंटर्स पर भीड़ हो रही है। सेंटर के कर्मियों ने बताया कि इस सेंटर पर रोजाना 200 टोकन जारी किए जाते हैं। सबसे अधिक मारा-मारी टोकन लेने के लिए है। एक बार टोकन मिलने के बाद यह सुनिश्चित हो जाता है कि कार्ड बन जाएगा। इसलिए लोग तड़के 4 बजे से ही यहां लाइन में लग जाते हैं। सोमवार दोपहर सवा दो बजे तक इस सेंटर में सिर्फ 13 लोगों को पिंक कार्ड जारी किए गए थे।

अभी 3 महीने तक बनेंगे पिंक कार्ड, चिंता न करें: CM

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिंक कार्ड सेंटर पर बढ़ती भीड़ पर बयान जारी करके महिलाओं को जल्दबाजी या चिंता नहीं करने की अपील की है। सीएम ने कहा कि यह कार्ड अभी तीन महीने तक बनेंगे। इस दौरान पिंक कार्ड के साथ पिंक टिकट भी मान्य होगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि वह आराम से कार्ड बनवाएं। जरूरत पड़ी तो सेंटर्स की संख्या बढ़ाई जाएगी।

सीएम ने बयान जारी करते हुए कहा कि मुझे पता चला है कि पिंक सहेली कार्ड सेंटर्स पर बहुत भीड़ है। हमारी बहनें लाइन में लगकर कार्ड बनवा रही हैं। महिलाओं को पिंक कार्ड बनवाने को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। पिंक टिकट से मुफ्त बस यात्रा के लिए पिंक कार्ड बनाने का काम अगले तीन महीनों तक जारी रहेगा। इस दौरान सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और पिंक टिकट दोनों मान्य होंगे। किसी भी तरह से किसी भी बहन को कोई परेशानी नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आराम से सेंटर पर जाएं और अपना पिंक कार्ड बनवाएं।

सीएम ने सेंटर पर बढ़ती भीड़ पर कहा, जरूरत पड़ी तो बढ़ाएंगे सेंटर्स

उन्होंने विपक्ष की आलोचना पर कहा कि पहले बसों में मुफ्त सफर के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा था। पहले 100 महिलाएं यात्रा करती थीं, तो उसे एक हजार दिखाया जाता था। यह भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा अड्डा था। अब 100 बहनें ट्रैवल करेंगी तो कंपनी को 100 टिकट के ही पैसे मिलेंगे। एक हजार करेंगी तो एक हजार के मिलेंगे। भ्रष्टाचार खत्म हो रहा है तो उन लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है। हमारी सरकार का मानना है कि जनता का पैसा है तो जनता की सुविधाओं में लगना चाहिए। पिंक कार्ड बनाने के लिए सेंटर की जरूरत पड़ेगी तो और खोल दिए जाएंगे।

ओटीपी नहीं आने की दिक्कत

दिल्ली गेट

डीटीसी बस डिपो पर शाम करीब सवा 4 बजे करीब 20-25 महिलाएं पिंक स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिए खड़ी थीं। शाम 4:30 बजे तक 152 महिलाओं को कार्ड बन गए थे। इनमें उन महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही थी, जिन्होंने सुबह या दोपहर में टोकन लिया था। कुछ बिना टोकन वाली महिलाओं के कार्ड भी बने, लेकिन पहले टोकन लेने वालों के कार्ड जारी किए गए। वहीं, एक बुजुर्ग महिला राजकुमारी भी अपने पति के साथ दूसरी बार लाइन में खड़ी थीं। उनका कार्ड नहीं बन पा रहा था, क्योंकि उनके आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आ रहा था। कर्मचारियों ने बताया कि एमटीएनएल के नंबरों पर ओटीपी आने में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। पूछताछ में बताया गया कि सुबह पहले 100 टोकन बांटे जाते हैं और लंच के बाद 50 टोकन दिए जाते हैं। पहले जिन्हें टोकन मिले हैं, उनके कार्ड बनाए जाते हैं। उसके बाद अगर समय बचता है, तो बिना टोकन वालों को बुलाया जाता है। शाम 4:30 बजे के बाद आने वालों को अगले दिन आने को कहा जाता है। क्योंकि पिंक कार्ड बनाने वाली कंपनी का सर्वर 4:45 बजे ही बंद हो जाता है। वहीं, सोनिया ने बताया कि उनका कार्ड तो बन गया, लेकिन उन्हें तीसरी बार आना पड़ा। पहले दो बार उन्हें बहुत भीड़ मिली थी, इसलिए वह वापस चली गई थीं।

क्या कहते हैं कर्मचारी

अलीपुर के सेंटर में कार्ड बनाने वाले कर्मचारियों ने बताया कि अगर सर्वर अच्छे से चल रहा हो तो एक दिन में 150 से भी अधिक पिंक कार्ड बन जाते हैं, लेकिन सोमवार को 130 ही टोकन बांटे गए थे। हालांकि उन्होंने दावा किया कि वह इसके बाद भी कार्ड बनाते हैं।

सिस्टम को ऑनलाइन करे सरकार

वहीं, सेंटर में मौजूद महिलाओं का कहना है कि 130 पास पूरे बन जाएं, यही बहुत है। कई लोगों को टोकन मिलने के बाद भी अगले दिन ही आने को कहा जाता है। हालात इतने खराब हैं कि 7 बजे भी कोई आए तो उसे टोकन नहीं मिलता। सुबह के वक्त महिलाएं यहां संघर्ष करती रहती हैं। सरकार को इसे ऑनलाइन कर देना चाहिए, जिससे हम आसानी से कार्ड बनवा सकें। कई महिलाओं ने बताया कि वह ऑफिस से छुट्टी लेकर पहुंची हैं। कुछ ऐसी महिलाएं मिलीं, जो ओटीपी नहीं आने की वजह से परेशान हो रही थीं।

150-200 पिंक स्मार्ट कार्ड बन रहे हैं सेंटर्स पर रोजाना, जबकि हर सेंटर पर रोजाना 150 टोकन बांटे जाते हैं

...तो सभी महिलाओं के कार्ड बनने में लगेंगे दो साल!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पिंक कार्ड बनवाने के लिए सेंटर्स पर लंबी लाइनें लग रही हैं। प्रत्येक सेंटर पर रोजाना जितने कार्ड बन रहे हैं, अगर रफ्तार यही रही तो दिल्ली की सभी महिलाओं के कार्ड बनने में दो साल से भी अधिक समय लग सकता है। कारण यह है कि दिल्ली में 72 लाख से अधिक महिला वोटर्स हैं, जबकि औसतन रोजाना केवल 150-200 पिंक स्मार्ट कार्ड ही बनाए जा रहे हैं। सरकार ने 50 सेंटर बनाए हैं। प्रत्येक सेंटर पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कार्ड बनाए जा रहे हैं। हर सेंटर पर महिलाओं को दो चरणों में कुल 150 टोकन दिए जाते हैं। लंच तक 100 टोकन और उसके बाद 50 टोकन दिए जाते हैं। 16 मार्च तक 1,10,416 पिंक कार्ड बन चुके हैं।

द्वारका में मदद करते पुलिसकर्मी

क्यों लगेंगे दो साल: पिंक कार्ड 5 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं का बन सकता है। अगर सिर्फ मतदाता सूची में दर्ज महिला मतदाताओं का ही आंकड़ा लें, तो उनकी संख्या 71 लाख से अधिक है। इस तरह अगर एक सेंटर पर रोजाना 200 कार्ड भी बनते हैं, तो 50 सेंटरों पर रोजाना अधिकतम 10,000 कार्ड बनेंगे। इस हिसाब से एक महीने में करीब 3 लाख और पूरे साल में लगभग 36 लाख कार्ड ही बन पाएंगे, यह भी तब जब रविवार को भी पिंक कार्ड बनाए जाएं। ऐसे में अगर केवल महिला मतदाता ही पिंक कार्ड बनवाएं, तब भी इसमें लगभग दो साल का समय लग सकता है।

ये आ रही दिक्कतें

- कई महिला यात्रियों के आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर गलत है या चालू नहीं है।
- कई महिलाएं आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर वाला फोन साथ नहीं लातीं।
- सर्वर डाउन के कारण मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आता। एमटीएनएल नंबर पर सबसे ज्यादा दिक्कतें।
- जिस कंपनी को पिंक कार्ड बनाने का काम दिया गया है, उसका सर्वर शाम 4:45 बजे ही बंद हो जाता है।

टैक्स नहीं भरने पर गेस्ट हाउस अटैच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एमसीडी के प्रॉपर्टी टैक्स विभाग ने सोमवार को करोल बाग जोन के तहत आने वाले एक गेस्ट हाउस को अटैच किया। पहाड़गंज वॉर्ड में स्थित इस तीन मंजिला गेस्ट हाउस पर पिछले कई सालों का लगभग 32 लाख का टैक्स बकाया है। नोटिस के बाद भी टैक्स का भुगतान नहीं किया।

ग्राम पंचायत की ज़मीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप

■ NBT न्यूज, नूंह

तावडू की सोहना रोड पर खरखड़ी ग्राम पंचायत की जमीन को लेकर विवाद हो गया है। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत ने आरोप लगाया है कि राजस्व रेकॉर्ड में बदलाव कर चार कनाल से ज्यादा जमीन को निजी तौर पर पंजीकृत करवा लिया गया है। बताया गया कि इस जमीन को सार्वजनिक पेयजल सुविधा विकसित करने के लिए चिह्नित किया गया था। ग्रामीणों ने तावडू शहर थाना पुलिस और सीएम विंडो पर शिकायतें दर्ज कराई है। खरखड़ी सरपंच अशफाक सहित ग्रामीण थाने पहुंचे लिखित शिकायत दी। कहा कि मौजा खरखड़ी तहसील तावडू के राजस्व रेकॉर्ड में 19 कनाल और 14 मरला जमीन में से, चार कनाल और 18.5 मरला का एक हिस्सा आधिकारिक तौर पर प्याऊ जमीन के रूप में निर्धारित था। आरोप है कि 2012-2013 में कुछ लोगों ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलकर विरासत इंतकाल के जरिये जमीन का स्वामित्व अपने नाम करवा लिया। शिकायत में अनिल कुमार, सुनील कुमार, पवन कुमार, वाहिद नंबरदार, संजय गोयल, संबंधित हल्का पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार, विभिन्न अन्य कर्मचारियों और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग कार्यालय के अधिकारियों के खिलाफ मिलीभगत के सीधे आरोप लगाए गए हैं।

HC में जवाब दाखिल करने को मिला समय

शराब नीति केस में सुनवाई 6 अप्रैल को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को शराब नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में उन्हें बरी किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली CBI की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली CBI की याचिका पर प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए 2 हफ्ते का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल तय की। सुनवाई के दौरान CBI की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई स्थगित करने की मांग का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट का 'गलत' आदेश जरूरत से एक सेकंड भी ज्यादा रिकॉर्ड पर नहीं रहना चाहिए। वहीं AAP नेताओं की ओर से पेश सीनियर वकीलों ने कहा कि मामले में कोई जल्दबाजी नहीं है और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए।

फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या, जांच जारी

■ NBT न्यूज, नूंह: मांडीखेड़ा गांव में एक युवक ने फंदा लगा आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मांडीखेड़ा के सूबे सिंह (33) ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोग सूबे सिंह के छोटे भाई की पत्नी का चेकअप कराने मांडीखेड़ा गए थे, उनकी पत्नी मायके गई हुई थी। परिवार के लोग जब लौटे तब सूबे सिंह का शव लटका हुआ मिला। सूचना नगीना थाना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। ग्रामीणों ने बताया कि सूबे सिंह मजदूरी करते थे। थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

बच्ची से रेप की कोशिश में तीन नाबालिग पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के ओखला इंडस्ट्रियल इलाके में सात वर्षीय बच्ची से रेप की कोशिश मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है। पकड़े गए नाबालिगों की उम्र 12 से 13 साल के बीच है। सभी स्कूल छोड़ चुके हैं और स्थानीय निवासी हैं। बच्ची का मेडिकल कराने के बाद पॉक्सो का केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पकड़े गए नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड IRCON
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
ई-प्रोक्योरमेंट सूचना
ई-निविदा सं. : IRCON/e-Tender/.../ET-54 दिनांक: 16.03.2026
[illegible]

कार्य की अनुमानित लागत	रु. 8.85 करोड़ (जीएसटी सहित)
निविदा दस्तावेज शुल्क	रु. 20,000/-
धरोहर जमा राशि (ईएमडी)	रु. 9.75 लाख
पूर्णता अवधि	24 माह

निविदा दस्तावेज ई-टेंडर पोर्टल वेबसाइट: https://etenders.gov.in/eprocure/app पर दिनांक 17.03.2026 से उपलब्ध होंगे ... [illegible]

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
प्रधान कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी (सुशासन एवं बेहतर) विभाग, स्टार हाउस -3, पीएलसी-बीओआई टावर, सी-29, जी ब्लॉक, 10 वां तल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051
ई-मेल: Headoffice.ITProc@bankofindia.bank.in
प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)
माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 365 के आपूर्ति, स्थापना, कॉन्फ़िगरेशन, अनुकूलन, कार्यान्वयन, रखरखाव और सहायता हेतु खुली खुली निविदा प्रक्रिया संदर्भ संख्या: BOI:HO:IT(G&E): O365:1242, दिनांक: 13.03.2026 जीईएम (GeM) बोली सं. GEM/2026/B/7355743, दिनांक 13.03.2026 के माध्यम से प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित किए जाते हैं।
उपर्युक्त आरएफपी "निविदा" अनुभाग एवं GeM पोर्टल के अंतर्गत बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट www.bankofindia.bank.in पर उपलब्ध है।
इसके बाद यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसे बैंक की वेबसाइट एवं GeM पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 27.03.2026

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

ऐ रीम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका नाम ऐ रीम पत्नी येखान, निवासी मकान नं0 ईए-4, प्रथम तल, चाणक्य प्लेस, डाबरी, दिल्ली, उम्र-76 वर्ष, जो कि अपने के घर से दिनांक 11.03.2026 को प्रातः 9.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **DD No. 131A/2026, Dated 11.03.2026,** के तहत पुलिस स्टेशन डाबरी, द्वारका जिला, दिल्ली, में पंजीकृत किया गया है। महिला का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

लिंग: महिला, कद: 4'11", रंग: साफ, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहनावा: नीले और काले रंग की कॉम्बी व भूरे रंग की लोंगी (सारोंग) पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन डाबरी, द्वारका जिला, दिल्ली, फोन: 9871482458, 96673 41024

वेबसाइट: https://cbi.nic.in
DP/3269/DW/2026

भारतीय रेल
पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स
पटियाला-147003
फोन: 2396000, 2396001 फैक्स: 91-0175-2396413
इलेक्ट्रॉनिक निविदा आमंत्रण सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रॉनिक निविदाएं आमंत्रण की जाती हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या: 47 ईटी/ 2025-26

क्र. सं.	निविदा सं.	विवरण एवं विशिष्टी सं.	मात्रा	निविदा बंद होने की तिथि
1	12251908बी	कैप पॉलीएस्टर क्लॉथ	1924 नंबर्स	06.04.2026

निविदाओं का समापन समय 15:00 बजे है।
इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट indianrailways.gov.in से देखी जा सकती है। कृपया नोट करें कि निविदाकार्ता अपनी कोटेशन केवल http://www.ireps.gov.in से ही भेज सकते हैं।
शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 36 ET/2025-26
निविदा संख्या 11265037 की बंद होने की तिथि को 19.03.2026 पढ़ी जाए।
879/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **मोना पुत्री दयाल सिंह उर्फ जय दयाल निवासी जे-1039 जे ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली और II I/6896, शिवाजी पार्क, शाहदरा, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **24/2019, अंतर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी अधिनियम, थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **मोना** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **मोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 24/2019, अंतर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी अधिनियम, थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री रोहित जैन
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
कमरा नं. 14
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/2980/RD/2026
(Court Matter)

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम : नामालूम, पुत्र : नामालूम, पता: नामालूम, उम्र : लगभग 25-26 साल, कद : लगभग 5 फुट 6 इंच, रंग : गेहुंआ, चेहरा: लम्बा, शरीर : सामान्य, पहनावा: ब्राउन रंग की पूरे बाजू की टी-शर्ट, और ग्रे कलर के स्लीपर व ब्लू कलर का अंडरवियर पहने हुए है। जो पोल नं. 21/24 - 21/26, डाउन लाईन निकट फाटक नं. 14, नरेला और होलांबी कलां के बीच मृत मिला जिसके रेल दुर्घटना में सिर पर चोट और दोनों टांगें टूटी हुई थी। इस संदर्भ में डी.डी. नं. 29, दिनांक **14.03.2026 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023** के तहत थाना सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन में दर्ज है। मृतक शरीर को पहचान के लिए 72 घंटे सब्जी मंडी के शवगृह में रखा गया।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 8750871303, 9810615886 (EO)

DP/3311/RLY/2026

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल
ईमेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com फोन- 0755-2767635 फैक्स-0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक-1207/2025-26/ प्रमुख अभियंता /ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 09.03.2026
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है।
निविदा प्रपत्र दिनांक 06.04.2026 को 17:30 बजे तक क्रय /डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1	2026-WRD_486725	कान्हाखेड़ी सिंचाई परियोजनाके डूब क्षेत्र में आ रही MPPTCL की 220KV एवं 132KV विद्युत ट्रांसमिशन लाइन्स की शिफ्टिंग एवं मॉडिफिकेशन का कार्य।	सीहोर	1660.25
2.	2026-WRD_486729	टर्नकी पद्धति पर :- सुठालिया वृहद परियोजना के निर्माण के कारण होने वाले जलभराव से बाधित ट्रैफिक सिस्टम को सुचारू बनाये रखने के लिये के लिए नए आर.सी.सी. बॉक्स पुलिया (8 नग), छोटे पुल (05 नग) और 01 बड़ा पुल का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	राजगढ़	4105.56
3.	2026-WRD_486730	टर्नकी पद्धति पर :- सुठालिया वृहद परियोजना के डूबक्षेत्र से बाधित ट्रैफिक सिस्टम को सुचारू बनाए रखने के लिए नए आर. सीसी. बॉक्स पुलिया (7 नग), छोटे पुल (03 नग) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	राजगढ़	3306.67
4.	2026-WRD_488583	टर्नकी पद्धति पर :- डी. आर डी. ओ. के लिये जल प्रदाय हेतु बघरेटा स्टॉप डेम का सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	मुरैना	2442.55

G-27429/25
"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"
Sd/-
मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

tender & notices

SOCIETY / TRUST PLOTS
Required In Delhi
Our Client Is Interested In Taking Over Society / Trust Plots In Delhi.
- No Issue If The Matter Is Disputed.
- Lease Deed Cancelled By Authority Can Also Be Considered.
- Incomplete Or Stalled Society/ Trust Buildings Are Acceptable.
- Vacant Plots Or Partially Constructed Properties Are Also Welcome.
Owners/Societies Willing To Transfer Please Contact.
M:- 86999 01269

TIMES interact HEALTH & WELLNESS

सैक्स संबंधी रोग
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
लेन दौरा खानपुर, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909
9210990444

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स रिलेटेड इशू
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुंडकावाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

TO BOOK YOUR CLASSIFIED ADS, KINDLY CONTACT YOUR RESPECTIVE AREA
TIMES SPACE CENTRES
WEST
HARIOM ADVTG. COMPANY, East Patel Nagar, 98115 56181
UNIQUE ADS MEDIA, Paschim Vihar, 98710 55455
KARTIK ADVERTISERS, Karampura, Moti Nagar, 98116 36804
ZENITH ADVTG. MEDIA, Janakpuri, 98717 12835
SAMBANDH ADVTG., Peeragarhi, 99111 94013
TIMES interact
For more details, please contact : 93126 33518 / 98117 90649

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

सार्वजनिक सूचना
विषय: दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में संपत्ति खरीदने का इरादा
इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि हमारे ग्राहक डी-27, एन.डी.एस.ई. भाग-II, तहसील - कालकाजी, जिला - दक्षिण पूर्व, नई दिल्ली (छत के अधिकार के साथ पूरी तीसरी मंजिल) पर स्थित संपत्ति खरीदने का इरादा रखते हैं।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति पर कोई आपत्ति, दावा या रुचि है, तो उन्हें सहायक दस्तावेजों के साथ इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में अपनी आपत्तियां प्रस्तुत करनी होंगी।
निर्धारित अवधि के बाद किसी भी दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
अधिवक्ता, करण नागपाल
ए-177, प्रशांत प्लेस, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-24 | मो.: 91 98107 51330
ई-मेल: support@sonlegal.com

निविदाएं (टेंडर्स)

SBI भारतीय स्टेट बैंक
आरबीओ-4, एओ-4,
डीआरएफ कैम्पस 2, प्लॉट नं. 79,
सेक्टर -18, गुरुग्राम, हरियाणा-122015
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
किराए पर परिसर की आवश्यकता
एसबीआई व्यावसायिक/कार्यालय उपयोग के लिए तीन आधार पर परिसर हेतु मालिकों /पावर ऑफ अटॉर्नी धारकों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।
शाखा का नाम
1. सेक्टर-55, गुरुग्राम तथा निकटवर्ती सेक्टर
2. सेक्टर-67, गुरुग्राम तथा निकटवर्ती सेक्टर
उपरोक्त स्थानों पर नई शाखा खोलने हेतु परिसर को किराए पर लेना। कारपेट एरिया लगभग 2000 वर्ग फुट ± 25% (185.8 वर्ग मीटर ± 25%) अधिमानतः भूतल पर।
निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण https://sbi.bank.in पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज़' टैब के तहत 17.03.2026 से 26.03.2026 तक दोपहर 03:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा।
संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट को नियमित रूप से देखें क्योंकि कोई भी संशोधन / स्पष्टीकरण / विस्तार इत्यादि, यदि कोई हो, प्रकाशित किया जाएगा।
कृपया ब्रोकर संपर्क न करें।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र, 11वीं मंजिल, परिसर और उपकरण विभाग, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001
निविदा
बैंक ऑफ बड़ौदा लीज पर एक कमर्शियल रूप से उपयुक्त जगह लेना चाहता है ताकि वह हमारी मौजूदा शाखा शिफ्ट कर सके ... कारपेट एरिया 1500 - 2030 वर्ग फुट ... [illegible] ... www.bankofbaroda.com/tenders.htm देखें।
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 16.03.2026
क्षेत्रीय प्रमुख दक्षिण-दिल्ली क्षेत्र

न्यायालय सूचना

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
(CIVIL APPELLATE JURISDICTION)
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure
RFA No. [illegible]
Appeal against the Order dated 27.04.2024 ...
RAM BABU VERMA ......APPELLANT(S)
VERSUS
SUNITA SONI & ORS. ......RESPONDENT(S)
[illegible]
Assistant Registrar (Appl.)(Civil)
for REGISTRAR GENERAL

To book your Shopping ads
Please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

IN THE COURT OF DR. ADITI CHOUDHARY LD. PRINCIPAL DISTRICT & SESSION JUDGE WEST DISTRICT, ROOM NO. 201, TIS HAZARI COURT, DELHI
PUBLICATION NOTICE / CITATION
GP No. 6/2026 | NDOH - 01.04.2026
Megha Ahuja & Ors. Vs. State & Anr.
The Petitioner Megha Ahuja W/o Late Sh. Rajat Ahuja, R/o A-2/104, A-2 Block, Paschim Vihar, New Delhi-110063 have filed a petition under section 8 sub section 2 of Hindu Minority and Guardianship Act, 1956 read with Section 151 of the Code of Civil Procedure seeking permission to transfer by sale the share of the minor daughters namely Baby Somaira Ahuja and Baby Aishvika Ahuja both daughters of Late Rajat Ahuja in the property bearing no. A-2/104, area admeasuring 150 sq. yds. Paschim Vihar, New Delhi-110063.
Immovable Properties bearing No.:- A-2/104, area admeasuring 150 sq. yds. Paschim Vihar, New Delhi-110063.
The date 01.04.2026 AT 10 A.M has been fixed for hearing on the above mentioned petition and notice is hereby issued to the general public that if any other relative / friends, kinsman or well wisher of the aforesaid Baby Somaira Ahuja and Baby Aishvika Ahuja both daughters of Late Rajat Ahuja have a desire to oppose the above mentioned petition of the petitioner, He / She may enter appearance in person in this court on the aforesaid date 01.04.2026 AT 10:00 A.M may depute any pleader to appear to adduce documentary or oral evidence which He / She may desire to adduce in support of his / her claim to such appointment or declaration or in support of his / her objection to the petition of the petitioner on the date already fixed 01.04.2026 AT 10:00 A.M.
Given under my hand and seal of this court on this the 9th day of March, 2026.
Principal District & Sessions Judge
West District Tis Hazari Court, Delhi

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

आईटी संबंधित

कंप्यूटर ऑपरेटर्स

RQ 5yr exp Sr Off Co-ord & Sr Computer Optr, good speed in MS Off+, Mktg, Exp for Export House in Okhla. Must be South Delhi located. WAp 9811269000

अन्य रिक्तियां

सामान्य

पार्ट टाइम, फुल टाइम काम के लिए कुछ लोगों की जरूरत है दिल्ली वाले संपर्क करें-Student, Housewife, Girls, Retd Person Businessman. # 7307975687.

पार्ट टाइम जॉब

OPP. in leading corporate for Retired-PSU/Banker/VRS/Fin.Distributor/B'man/h'wife /CA/age 35-70. Slry+ Incentive WFH. # Mansi 9818207964

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Shiv baran maurya F/o Vishal maurya R/o 130/356-Bagahi Bhatta T.P. Nagar Kanpur, Uttar Pradesh-208023 have changed my name from Shiv Baran Maurya to Shiv Baran for all purposes

I, Sumit Kumar Pundhir, S/o SANTOSH KUMAR PUNDHIR, residing at Flat no-305, Tower 10, Paras Tierea, Sec 137, Noida 201305, have changed my name to SUMIT PUNDHIR vide Affidavit No. IN-UP55286626416195Y dated 15/03/2026 notarized by Virendra Kr Garg on 16/03/2026. I shall henceforth be known as Sumit Pundhir for all future purposes

I, Gayatri Devi M/o Vishal maurya R/o 130/356-Bagahi Bhatta T.P.Nagar Kanpur,Uttar Pradesh -208023 have changed my name from Gayatri Devi to Gayatri for all purposes

I, Ram Nibora Singh S/o Late Param Deo Singh, R/O Andhra, po.Parsuni, Dist. Sitamardhi, Bihar, resident Address- SRA-85B, Shipra revera, Indirapuram, Gaziabad, UP- have changed my name to Rajiv Ranjan Singh vide affidavit no. Book no.1, Sl.no.1098dtd13.03.2026 for all officials and legal records and educational certificates hence forth I shall known as Rajiv Ranjan Singh alias Ram Nibora Singh

I Rani Minhas w/o Nirmal Singh R/o House no 175 gali no-5 sainik vihar dhilwan road district jalandhar Punjab. My name is Rani minhas, I am also known as Kulwarn Kaur both my names carry equal value, authenticity & legal validity.

I, Rachit Pandey, S/o Ravindra Pandey, resident of Flat No. 191, Tower-C, Indiabulls, Enigma Apartments Sector-110-A, Gurgaon, Haryana - 122017,have changed my name to Rachit Ravindra.
I also declare that my father's name earlier written as Ravindra Pandey will now be written as Ravindra Kumar Pandey.
Henceforth I shall be known as Rachit Ravindra for all purposes.

TIMES interact SPECIAL

PLOTS AVAILABLE IN DEHRADUN
1. Malsi Near Mussoorie Road, East Facing- 1010 Sq. Yards @ 62K Psy.
2. Old Mussoorie Road-1570 Sq. yards @ 1.20 Lac Psy.
3. Haridwar Main Road - 1000 Sq. yards @ 1.05 Lac Psy.
SPECIAL FEATURES
A. All plots are within municipal limits.
B. Outsiders are allowed to purchase within Nagar Nigam.
C. Offer Price for March Closing
Contact Owner:
7895393555/8476004761

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT
SUNIL :
9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

TO BOOK YOUR CLASSIFIED ADS, KINDLY CONTACT YOUR RESPECTIVE AREA
TIMES SPACE CENTRES
EAST
GREEN CHANNEL COMM., Guru Nanak Pura, Lakshmi Nagar, 98997 21820
PARICHAY ADVTG. & MKTG., Madhuban Road, Shakarpur, 93503 09890
INFINITY COMM., Vikas Marg, Lakshmi Nagar, 98101 87009
SAMBHAV ADVTG., Yamuna Vihar, 98104 41787
MANTRA MEDIA & MKTG., Mayur Vihar, Phase-I, 98115 06879
VCAN (Vidhi Advtg. & Mktg.), Madhu Vihar, I.P. Ext., Patparganj, 98997 01034
OM Advtg., Main Loni Road, Shahdara, 98117 15867
TIMES interact
For more details, please contact : 98992 68321

TIMES interact BUSINESS CONNECT
Your Growth Story Deserves a Global Brand
Join hands with SMC Corporation, driving industrial automation worldwide through advanced pneumatic components.
No.1 Globally
Seeking established Business Associates With:
- Strong Financial Standing with growth mindset
- Warehousing & Efficient Delivery Infrastructure
- Experience in Industrial Products & Solutions
- Strong Technical Inclination
Why Partner With Us?
- Industry Wide Demand
- 12,000+ Product Basket
- Global Reach, Local Strength
Enquiry Form
Please send your detailed business profile to:
SMC Corporation India Pvt. Ltd.
Email: info.in@smc.com, 9311068210
SMC

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
Central Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi	Sunil Srivastava	99994 99496
Noida + East Delhi	Sumit Negi	98992 68321

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 03-16-2026 22:30 Color:

ट्रंप की नाटो को चेतावनी, चीन से मांगी मदद

हॉरर बना होर्मुज़

एपी, काहिरा

ईरान के साथ बढ़ते टकराव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) दुनिया की सबसे बड़ी भू-राजनीतिक चिंता बन गया है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाले इस संकरे समुद्री रास्ते से दुनिया के करीब 20% समुद्री तेल कारोबार गुजरता है। ऐसे में अगर यह मार्ग बाधित होता है तो वैश्विक तेल बाजार और अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लगातार दूसरे देशों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने युद्धपोत और नौसैनिक बल भेजकर इस मार्ग को सुरक्षित बनाने में मदद करें। उन्होंने चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया समेत कई देशों से जहाज भेजने की बात कही। ट्रंप का कहना है कि जिन देशों की ऊर्जा आपूर्ति इस रास्ते पर निर्भर है, उन्हें ही इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के लिए यह मार्ग उतना जरूरी नहीं है, क्योंकि उसके पास तेल तक अपनी पहुंच है, जबकि चीन का लगभग 90% तेल इसी रास्ते से गुजरता है। 'फाइनेंशल टाइम्स' को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि यूरोप और चीन खाड़ी क्षेत्र के तेल पर काफी निर्भर हैं, इसलिए उन्हें आगे आना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सहयोगी देशों ने प्रतिक्रिया नहीं दी तो इसका असर नाटो जैसे गठबंधनों के भविष्य पर भी पड़ सकता है। साथ ही ट्रंप ने संकेत दिया कि अगर चीन इस मुद्दे पर सहयोग नहीं करता, तो बीजिंग में प्रस्तावित उनकी बैठक भी टल सकती है।

ब्रिटेन को चेताया- हम इसे याद रखेंगे: ट्रंप ने कहा कि दो हफ्ते पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री अपने दो विमानवाहक पोत होर्मुज भेजने से हिचकिचा रहे थे। अब वो भेजना चाहते हैं। मुझे उनकी जरूरत तब थी जब हम जंग शुरू कर रहे थे। हमें समर्थन मिले या न मिले, मैंने उनसे कहा है, हम इसे याद रखेंगे।

जहाज़ भेजने में मदद करें या नहीं, मुश्किल में सहयोगी देश

जिन देशों से अमेरिका मदद मांग रहा है, वे खुद इस संकट में सीधे शामिल होने से बचना चाहते हैं। एक तरफ तेल आपूर्ति की सुरक्षा की चिंता, दूसरी तरफ क्षेत्रीय युद्ध का हिस्सा बनने का खतरा है। जापान और ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि अभी उनकी होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए नौसेना के जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। जापान ने कहा, हम समुद्री सुरक्षा अभियान को शुरू करने पर विचार नहीं कर रहे हैं।

Poli-tickle R PRASAD

ट्रंप को चीन का जवाब, बेहतर रिश्तों के लिए बातचीत ज़रूरी

चीन ने होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा में मदद नहीं की तो ट्रंप शी चिनफिंग के साथ होने वाली बैठक को टाल सकते हैं। ट्रंप की इस धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, देशों के नेताओं के बीच होने वाली बातचीत बहुत जरूरी होती है और यह चीन-अमेरिका रिश्तों को दिशा देती है। दोनों देशों के बीच राष्ट्रपति ट्रंप की यात्रा को लेकर बातचीत जारी है। हम तनाव कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ट्रंप की अपील पर क्या बोले देश

होर्मुज पर एक सही योजना को लेकर चर्चा हुई है। मेरा काम ब्रिटेन के हित में फैसले लेना है। बाद में आप ये नहीं कह सकते- ओह! मैंने युद्ध पर गलती कर दी, क्या अब पीछे हट सकता हूं?
कीर स्टार्मर, ब्रिटेन के पीएम

कानूनी ढांचे में रहकर जहाजों और उनके चालक दल के लोगों की जिंदगी की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं, जहाज तैनात करें या नहीं, देख रहे हैं स्वतंत्र रूप से क्या कर सकते हैं।
साने तकाइची, जापान PM

हाल की तनातनी ने व्यापार मार्गों को बिगाड़ा है। क्षेत्रीय और वैश्विक शांति को नुकसान पहुंचाया है। चीन फिर से सभी पक्षों से अपील करता है कि तुरंत सैन्य कार्रवाई बंद करें।
-चीन का विदेश मंत्रालय

हम होर्मुज स्ट्रेट में कोई जहाज नहीं भेज रहे हैं। हम जानते हैं कि यह रास्ता कितना अहम है, लेकिन यह ऐसी चीज नहीं है जिसमें हम योगदान दे रहे हैं।
कैथरीन किंग, ऑस्ट्रेलिया के कैबिनेट मंत्री

शिप का फैसला सैन्य अधिकारी करेंगे: ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'सीबीएस' से कहा कि तेहरान से कई देशों ने अपने जहाजों को सुरक्षित गुजरने देने के लिए संपर्क किया है लेकिन इस बारे में फैसला हमारे सैन्य अधिकारियों को करना है। उन्होंने कहा कि कई देशों के कुछ जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है,

हालांकि उन्होंने इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ईरान ने इससे पहले कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट सभी देशों के लिए खुला है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए नहीं। अराघची ने यह भी कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका से बातचीत करने का उन्हें कोई कारण नजर नहीं आता।

M.A. PROGRAMMES
Admission Notice

M.A. programmes offered in:
- Psychology
- English
- Applied Linguistics
- International Relations
- Journalism & Mass Communication
- Advertising
- Public Relations
- Visual Effects
- Film, TV & Web Series
- Game Design
- Political Science
- History
- Sociology
- Geography
- Development Studies
- Gender Studies
- Public Policy
- Public Administration
- Defence and Strategic Studies
- Sanskrit

Get personal placement support through Corporate Resource Centre including interview prep, technical evaluation, case studies, live projects, CXO lectures...

Gain extensive practical experience through conferences, research projects, clinical visits, community outreach programs...

Earn global exposure through the 5-week Study Abroad Program in New York, London, Singapore & Dubai, Immersion Program, Dual Degree Program...

Benefit from Amity's 700,000+ strong global alumni community that offers unmatched mentorship opportunities, access to professional networks and career pathways

Secure placements in leading organisations like AIIMS, Fortis, Deloitte, PwC, KPMG, Niti Aayog, Dentsu, Republic TV, Genesis PR...

Get selected for Doctoral studies at top global universities like LSE, UCL, McGill, Edinburgh, Leeds, Sheffield...

Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | Tel: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | 7303-399-399

AMITY UNIVERSITY

दुनिया की ऊर्जा लाइफलाइन पर सबसे बड़ा खतरा, विकल्प क्या है?

वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था के सामने कई तरह के जोखिम हमेशा से मौजूद रहे हैं, लेकिन होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने की आशंका जितना बड़ा खतरा शायद ही कोई रहा हो। ऊर्जा उत्पादक देशों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इस रास्ते का विकल्प लगभग नहीं के बराबर है। सैद्धांतिक रूप से तेल को पाइपलाइन के जरिए पड़ोसी देशों तक ले जाकर वहां से निर्यात किया जा सकता है, लेकिन ऐसा करना बेहद महंगा और राजनीतिक रूप से जटिल है। इसके अलावा ऐसी पाइपलाइनें भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं, क्योंकि क्षेत्रीय संघर्ष की स्थिति में ये भी हमलों के खतरे में आ सकती हैं।

खाड़ी देशों ने वैकल्पिक रास्ते विकसित करने की कोशिश की है। UAE ने अबू धाबी से फुजैराह तक पाइपलाइन बनाई है, जो 2012 से चालू है और होर्मुज को बायपास करती है। हालांकि इस पाइपलाइन के दोनों सिरों पर मौजूद सुविधाएं भी हमलों के जोखिम में रहती हैं। सबसे बड़ा विकल्प सऊदी अरब की पूर्व-पश्चिम (रेड सी) पाइपलाइन है, जिसकी क्षमता रोजाना लगभग 70 लाख बैरल तेल ले जाने की है, लेकिन फिलहाल इसमें से करीब 50 लाख बैरल क्षमता ही उपलब्ध है।

वायरल वॉर

कॉफी वाले को बताया AI, अब नेतन्याहू का आया नया विडियो

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू की मौत की अफवाहों के बीच कॉफी पीते हुए नेतन्याहू का विडियो आया था, जिसे लोगों ने वैसे ही AI जेनरेटेड बताया, जैसे पहला छह उंगलियों वाला विडियो बताया था। अब कॉफी के बाद नया विडियो नेतन्याहू का सोमवार को जारी किया गया है, जिसमें वह नागरिकों से मिलते नजर आए और लिखा, निर्देशों का पालन करें और साथ मिलकर जीतें।

रूस ने की मदद, सुप्रीम लीडर मॉस्को में इलाज कराने पहुंचे

ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को युद्ध में घायल होने के बाद इलाज के लिए रूस ले जाए जाने की खबर सामने आई है। रिपोर्टों के मुताबिक, हमले में मोजतबा खामेनेई भी घायल हो गए थे। कुवैत के अखबार अल-जरिदा के हवाले से बताया गया है कि उन्हें गुप्त रूप से एक सैन्य विमान से मॉस्को ले जाया गया, जहां रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने उनके इलाज की व्यवस्था करने की पेशकश की।

फैक्ट चेक

ईरान में इस्राइली सैनिक पकड़े जाने का विडियो फ़र्ज़ी

ईरान-इस्राइल युद्ध के बीच सोशल मीडिया पर वायरल एक विडियो, जिसमें ईरान में इस्राइली सैनिक पकड़े जाने का दावा किया गया, फर्जी निकला। जांच में पता चला कि यह विडियो जनवरी में अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के मिनियापोलिस का है। गूगल रिवर्स इमेज सर्च और मीडिया रिपोर्टों से पुष्टि हुई कि यह घटना अमेरिका की है, न कि ईरान की।

होर्मुज़ पर US से द्विपक्षीय बातचीत नहीं: भारत

विदेश मंत्रालय ने कहा- हमें पता है, इस संबंध में कई देशों से बातचीत की जा रही है

■ NBT रिपोर्ट

भारत सरकार ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट के कथित तौर पर सुरक्षित आवागमन को लेकर ट्रंप की पहल के बारे में उसे जानकारी है, लेकिन इस संबंध में अमेरिका के साथ कोई द्विपक्षीय बात नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें पता है कि इस संबंध में कई देशों से बातचीत की जा रही है।

अमेरिका चाहता है कि दुनिया के कुछ देश इस स्ट्रेट की कथित सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजें। रविवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि इस स्ट्रेट को सुरक्षित बनाने के लिए देशों को साथ आना चाहिए। उनका प्रशासन सात देशों से ऐसी बातचीत कर रहा है, हालांकि ये कौन कौन से देश हैं, इसे लेकर कुछ नहीं बताया। इस बीच जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने इस संभावना से इनकार कर दिया है। कनाडा के पीएम पहले ही कह चुके हैं कि उनका देश अमेरिका इस्राइल के युद्ध में हिस्सा नहीं लेगा। ब्रिटेन ने साफ कहा है कि वो बड़े युद्ध का हिस्सा नहीं बनेगा। ऐसे में करीब सब देश ट्रंप की इस पहल से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

होर्मुज के रास्ते भारतीय जहाजों के पारगमन के लिए ईरान के साथ कोई पूर्व समझौता नहीं। मैं इस समय उनसे (ईरान) बातचीत कर रहा हूं और मेरी बातचीत से कुछ परिणाम निकले हैं। यह लेन-देन का मामला नहीं है।
-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि 550 से ज्यादा भारतीय नागरिकों ने भूमि सीमा के जरिए आर्मेनिया में प्रवेश किया है, जबकि 90 भारतीय ईरान से अजरबैजान पहुंचे हैं। ये लोग भूमि सीमा पार कर वहां पहुंचे थे। इन लोगों को बाहर निकालने में तेहरान स्थित भारतीय एंबेसी ने मदद की है। इन 550 लोगों में 284 लोग तीर्थ यात्रा के लिए ईरान गए थे। इन देशों में मौजूद कुछ भारतीयों ने देश वापसी कर ली है। बाकी लोग अगले कुछ दिनों में वापस आ जाएंगे। तेहरान में भारतीय एंबेसी तमाम दिक्कतों के बावजूद तेहरान में पूरी तरह काम कर रही है।

कई देशों के संपर्क में, डिप्लोमैटिक चैनल्स कर रहे काम: इस्राइल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत में इस्राइल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को कहा कि इस्राइल कई देशों के साथ डिप्लोमैटिक स्तर पर वार्ता कर रहा है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूवेन ने कहा, इस्राइल ना सिर्फ अमेरिका बल्कि क्षेत्र के दूसरे देशों के साथ भी संपर्क में बना हुआ है। अजार ने कहा कि मौजूदा कार्रवाई पहले से तय 3-पॉइंट प्लान के तहत की जा रही है। इस्राइल ईरान के परमाणु खतरे को अप्रभावी करना चाहता था। दूसरा मकसद ईरान की बलिस्टिक मिसाइल क्षमता को खत्म करना है और तीसरा ईरान के ऐसी ताकतों को कमजोर करना जो जनता का दमन कर रही है, जिससे कि वहां की जनता को बेहतर भविष्य चुनने का मौका मिल सके।

रूवेन अजार

इस्राइल के राजदूत ने कहा कि इस्राइल ये मामला कूटनीति के जरिए सुलझाना चाहता है। आर्थिक और कूटनीतिक दबाव के बावजूद भी ईरान ने अपना रुख नहीं बदला है। कूटनीति के इतने प्रयास विफल हो गए कि हमें सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी। हमें उम्मीद है कि हमारी सैन्य कार्रवाई के नतीजतन कूटनीति फिर से प्रासंगिक हो जाएगी। इस मसले पर भारतीय पक्ष को भी आगे अपडेट किया जाएगा। ये युद्ध इस्राइल पर ईरान की ओर से थोपा गया।

ईरान के नेता मोजतबा खामेनेई

दुश्मनों से मुआवज़ा लेंगे: मोजतबा खामेनेई

आईएएनएस, तेहरान : ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने अपने देश के 'दुश्मन' से मुआवजे की मांग दोहराई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मोजतबा खामेनेई ने टेलिग्राम अकाउंट पर फिर एक पोस्ट में कहा, हम दुश्मन से मुआवजा लेंगे और अगर वह मना करता है, तो हम उसकी उतनी प्रॉपर्टी ले लेंगे जितनी तय करेंगे। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो हम उसकी उतनी ही प्रॉपर्टी नष्ट कर देंगे। पिछले दिनों ईरान के नए सुप्रीम लीडर ने देश के नाम अपने पहले मेसेज में लगातार प्रतिरोध जारी रखने का आह्वान किया और होर्मुज स्ट्रेट को बंद रखे जाने का ऐलान किया। एक संदेश में मोजतबा खामेनेई ने संघर्ष में मारे गए लोगों का बदला लेने की भी कसम खाई है।

वॉर अपडेट

- **न्यू यॉर्क** टाइम्स के अनुसार, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से डॉनल्ड ट्रंप को ईरान पर भीषण हमले करते रहने की सलाह मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी ने कहा है कि ईरान पर ताबड़तोड़ हमले करिए।
- **सऊदी अरब** का कहना है कि उसने रातभर में कई ड्रोन मार गिराए। वहीं इराक और कुवैत ने भी नए हमलों की जानकारी दी है।
- **अमेरिका और** इस्राइल की ओर से ईरान पर हमले जारी रहने के बीच तेहरान में भारी बमबारी की खबरें हैं।
- **लेबनान की** राजधानी बेरूत में भी एक बड़ा धमाका हुआ। इस्राइली सेना का कहना है कि उसने हिजबुल्लाह के ढांचे को निशाना बनाया
- **सोमवार तड़के** ईरान ने फिर इस्राइल की ओर मिसाइलें दागीं।

इससे मध्य इस्राइल और तेल अवीव क्षेत्र में कई जगह नुकसान हुआ। आईडीएफ ने कहा, डिफेंस सिस्टम हुआ एक्टिव

- **विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने आर्मेनिया की सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद कहा है। उन्होंने बताया कि आर्मेनिया ने 550 से अधिक भारतीयों को ईरान से सुरक्षित निकालने में मदद की है
- **भारत ने** ईरान में अपने नागरिकों से कहा, बिना दूतावास से संपर्क किए सीमा पार न करें।

दुबई एयरपोर्ट के पास हमले से उड़ानें कैंसल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दुबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट के करीब सोमवार हुए ड्रोन हमले के बाद सभी शेड्यूल फ्लाइटों का ऑपरेशन रोक दिया गया। एयर इंडिया ने अपनी सोमवार को दुबई के लिए शेड्यूल फ्लाइटों को सस्पेंड कर दिया। एयर इंडिया ने बताया कि दुबई एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट ऑपरेशन कुछ समय के लिए रोक दिए हैं। इस वजह से एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई आने-जाने वाली फ्लाइट आज के लिए कैंसल कर दी गई हैं। हम सभी प्रभावित लोगों को बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के दिए गए विकल्प में से कोई एक चुनने की सुविधा दे रहे हैं।

अब तक घरेलू कंपनियों की 4,335 उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण अब तक घरेलू विमानन कंपनियों ने 4,335 और विदेशी कंपनियों ने 1,187 उड़ानें रद्द की हैं। इस बात की जानकारी केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में दी।

ईरान में रोजमर्रा की जिंदगी हो गई मुश्किल, इंटरनेट न होने से परिवार से संपर्क साधने पहुंचे बॉर्डर पार

बॉर्डर खुलते ही इराक पहुंचे ईरानी, काम और सस्ते सामान की तलाश

■ एपी, हाजी ओमेरान (इराक)

युद्ध के कारण लंबे समय से बंद रही ईरान-इराक सीमा खुलने के बाद रविवार को दर्जनों ईरानी नागरिक उत्तरी इराक के कुर्द इलाके में पहुंच गए। इनमें कई लोग सस्ती खाद्य सामग्री खरीदने, इंटरनेट का इस्तेमाल करने, परिजनों से संपर्क साधने और काम की तलाश में सीमा पार करते दिखे।

सीमा पर आने वाले लोगों ने बताया कि लगातार हवाई हमलों, महंगाई और इंटरनेट बाधित होने के कारण ईरान में रोजमर्रा की जिंदगी बेहद मुश्किल हो गई है। इसी वजह से लोग जरूरी सामान और रोजगार की तलाश में इराकी कुर्दिस्तान की ओर जा रहे हैं।

हाजी ओमेरान सीमा चौकी पर इराकी कुर्द क्षेत्र से सामान लेकर कई ट्रक ईरान की ओर जाते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इससे ईरान में बढ़ती कीमतों से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत मिल सकती है। युद्ध से पहले भी ईरानी कुर्द अक्सर इराकी कुर्दिस्तान आते-जाते रहे हैं। दोनों क्षेत्रों के बीच पारिवारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से गहरे रहे हैं।

ईरान की ओर सामान लेकर जा रहे ट्रक चालक खिदेर खेमानी ने कहा कि सीमा बंद रहने से अमीर-गरीब सभी प्रभावित हुए थे। उनके अनुसार, व्यापार और आवाजाही रुकने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई थीं।

ईरान के पिरानशहर की एक महिला अपने रिश्तेदारों से संपर्क करने और सस्ता सामान खरीदने के लिए सीमा पार आई। उसने बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में इंटरनेट नहीं चल रहा है और 16 दिनों से उसके परिजनों को उसकी कोई खबर नहीं मिली थी। उसने इराकी बाजार से चावल और खाने का तेल जैसी जरूरी चीजें खरीदीं, क्योंकि ईरान में उनकी कीमतें बहुत बढ़ गई हैं।

सीमा पर एक बुजुर्ग महिला भी बारिश में अकेले इराकी कुर्द क्षेत्र की ओर जाती दिखी। उसने बताया कि उसके बेटे की मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है और बच्चों का पेट भरना मुश्किल हो रहा है। वह रिश्तेदारों से मदद की उम्मीद में सीमा पार कर रही थी।

ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट

ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट जारी है। सोमवार को 17वें दिन भी बाहरी दुनिया से संपर्क साधने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेट गतिविधियों पर नजर रखने वाले नेटब्लॉक्स के अनुसार देश में इंटरनेट कनेक्टिविटी सामान्य स्तर के बहुत नीचे गिर चुकी है।

ईरान के सुप्रीम लीडर के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । मंगलवार, 17 मार्च 2026

शांति को बलपूर्वक कायम नहीं रखा जा सकता, वह केवल समझ और सहमति से ही प्राप्त होती है।

- अल्बर्ट आइंस्टाइन

फंस गए ट्रंप

ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं।

दबाव की रणनीति । ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका '90% तेल' जाता है, और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं।

नैटो का झटका

एकतरफा फैसला । अमेरिका और इस्राइल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं।

तेल पर असर । अमेरिका-इस्राइल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है।

बड़ी चूक । हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

ऐवें कुछ भी

नैना ठग लेंगे

नैन लड़ जइहैं तो मनवा में कसक होइबे करी कविश्रेष्ठ ने युगों पहले आगाह कर दिया था। मेरे नैनों में कसक हो गई थी, निवारण के लिए डॉक्टर के यहां नंबर लगाया। जब हजार रुपये की फीस जमा की तो मनवा में भी भारी कसक हुई। ऐसे ही एक महंगे डॉक्टर ने मरीज से पूछा, 'इलाज से फायदा हो रहा है?' मरीज ने साफ कर दिया, 'जितना आपको फायदा हो रहा है, उतना नहीं।'

आलोक सिंह भदौरिया

खैर, फीस जमा करके उस एरिया में बैठे जहां दवा टपका कर आंखों की पुतलियां फैलाई जाती हैं। जगह कम थी, मरीज तह करके एक दूसरे की बगल में बैठाए जा रहे थे। ऐसे में एक बाप-बेटा-बहू की तिकड़ी वहां पहुंची। अटेंडेंट ने कहा कि बुजुर्ग के साथ एक ही रह सकता है। थोड़ी बहस के बाद साफ हुआ कि जरूरत दोनों की थी। बेटा विशालकाय बुजुर्ग को संभालने के लिए शारीरिक रूप से जरूरी था और डॉक्टरों की बात समझने के लिए बहू बौद्धिक रूप से।

बगल में छोटू से नेता जी थे। कुछ सरगवान टाइप नाम था उनका। उम्र करीब 70 साल, साथ में पोती। आंखों में दवा और मन में अनंत जिज्ञासा लिए बैठे थे। आंखें बंद थीं, लेकिन हर आहट को टटोलकर पोती के दिमाग का दही कर रखा था, 'यह कौन आया, वहां कौन बैठा है, चिल्ला कौन रहा है, कौन कांख रहा है?'

अचानक लगा कि कोई बोला, 'यह आकाशवाणी है। अब आप रामानुज प्रसाद सिंह से समाचार सुनिए।' गौर से देखा कि एक मरीज डॉक्टर के सामने बैठकर उसी अंदाज में क ख ग घ पढ़कर सुना रहा था। तभी एक अटेंडेंट आया और बगल में बैठी महिला की आंखों में दवा टपकाई। अकबका कर महिला ने चट से उसकी कलाई पर चपत लगा दी। बाद में समझ आया कि पुतली फैलाने वाली दवा के असर से बेचारी डर गई थी। हम समझाने जा ही रहे थे कि अटेंडेंट बोला, 'अपनी चिंता करो, चश्मा उतारो, आंख में दवा डालनी है।'

बोल वचन

दिलीप लाल

चौखट पर चढ़ना

चौखट शब्द का सामान्य अर्थ दरवाजे के चारों ओर लगा लकड़ी या पत्थर का ढांचा है, जिसके सहारे दरवाजा टिका रहता है और जिसके भीतर से होकर हम घर में प्रवेश करते हैं। शब्द की रचना पर ध्यान दें तो 'चौ' का अर्थ चार और 'खट' या 'काठ' का अर्थ किनारा या लकड़ी का ढांचा माना जाता है। यही कारण है कि बांग्ला में इसे चौकाठ कहते हैं। हिंदी के साथ-साथ कई भारतीय भाषाओं में भी इसके मिलते-जुलते रूप मिलते हैं। मराठी में चौकट कहते हैं। चौखट शब्द का इस्तेमाल अलग-अलग अर्थों में भी होता है। जब कहते हैं 'घर की चौखट लांघना, तो इसका अर्थ किसी परिवार की दुनिया में प्रवेश करना या उससे बाहर निकलना भी होता है। इसी तरह 'किसी की चौखट पर जाना' सम्मानपूर्वक किसी से मिलने या सहायता मांगने का संकेत देता है, जबकि 'अब मैं उसकी चौखट पर नहीं जाऊंगा' वाक्य स्वाभिमान का भाव प्रकट करता है। अंग्रेजी में चौखट को door frame कहते हैं। शायद इसलिए फोटो फ्रेम को कुछ लोग चौखटा कह देते हैं। चौखटबंद कहते हैं, तो इसका अर्थ नियम या सिद्धांतों से बना हुआ हो जाता है। 'चौखटे में जकड़ा होना' एक मुहावरा है, जिसका अर्थ होता है सीमाओं से बंधा होना।

AI Image

खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में काम करते हैं भारतीय, तेल-LPG बन सकते हैं मुद्दा

इन चुनावों में भी दिखेगा ईरान का असर

धर्मेंद्र सिंह

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव की तारीखों का ऐलान ऐसे समय किया है, जब देश-दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं। खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की आशंका से LPG सिलिंडर की किल्लत, बढ़ती तेल कीमतें, गिरता शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था पर दबाव चिंता बढ़ा रहे हैं। ईरान और अमेरिका-इस्राइल तनाव के कारण कई भारतीय वहां फंसे हैं। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी के लाखों लोग खाड़ी देशों में काम करते हैं, इसलिए वहां की स्थिति इन राज्यों की राजनीति और जनमानस को प्रभावित कर सकती है।

कई सवाल । इस बार घरेलू मुद्दों के साथ वैश्विक हालात का असर भी दिख सकता है। ऐसे में कई सवाल हैं। क्या ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में चौथी बार सत्ता बचा पाएंगी? क्या एमके स्टालिन तमिलनाडु में फिर जीतेंगे? क्या असम में BJP हैट्रिक लगाएगी और क्या केरल में वाम मोर्चा अपना किला बचा पाएगा?

बंगाल के मुद्दे । ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में चौथी बार सत्ता में लौटने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। BJP उन्हें सत्ता से हटाने की कोशिश में है। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। बंगाल की राजनीति में बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और सामाजिक समीकरण अहम मुद्दे हैं। चुनावी कार्यक्रम घोषित होने से पहले ममता ने कर्मचारियों, पेंशनरों और शिक्षकों के लंबित महंगाई भत्ते के भुगतान का ऐलान किया। साथ ही पुजारियों और मुअज्जिनों का मानदेय 500 से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया।

घोटालों का आरोप । BJP घुसपैठ, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर ममता सरकार पर हमला कर रही है। शिक्षक भर्ती, कोयला और राशन घोटालों को भी उछाला जा रहा है। वहीं, ममता केंद्र पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए लक्ष्मी भंडार, छात्रवृत्ति व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को उपलब्धि बता रही हैं।

बदल रहे समीकरण । लेफ्ट और कांग्रेस के कमजोर होने के बाद बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (TMC) मजबूत हुई है। इस बार BJP ही ममता को सीधी चुनौती देती दिखती है। लेफ्ट के कमजोर होने के बाद मुस्लिम वोटर्स TMC की ओर गए, कुछ हिंदू वोट BJP को मिले। अब असदुद्दीन ओवैसी की AIMIM और अन्य नई ताकतें समीकरण बदलने की कोशिश में हैं।

चुनौतियों के बीच चुनाव

- केरल-तमिलनाडु के कई लोग पश्चिम एशिया में फंसे
- पश्चिम बंगाल में घुसपैठ व बांग्लादेश सीमा अहम मुद्दे
- दक्षिण में बनते नए समीकरण, क्षेत्रीय पार्टियां मजबूत

क्षेत्रीय दलों का सहारा । तमिलनाडु में BJP और कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के सहारे चुनाव लड़ती हैं। यहां मुख्य मुकाबला DMK और AIDMK के बीच है। जयललिता के निधन के बाद AIDMK कमजोर हुई। पन्नीरसेल्वम के DMK में शामिल होने से पार्टी को बड़ा झटका लगा है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व में DMK अपना गठबंधन मजबूत कर रही है। अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम तीसरे विकल्प के रूप में उभर रही है।

BJP को भरोसा । केरल में LDF देश में लेफ्ट का आखिरी मजबूत गढ़ माना जाता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व वाली सरकार को असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने की कोशिश में है। BJP विधानसभा में खाता नहीं खोल पाई, पर पिछले साल दिसंबर में तिरुवनंतपुरम नगर निगम जीतकर मेयर बनाने को राज्य में बढ़ते प्रभाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

लिटमस टेस्ट । असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनावी मैदान में हैं। वह अवैध घुसपैठ, असमिया पहचान, सीमा सुरक्षा और विकास को मुख्य मुद्दा बना रहे हैं। BJP का कहना है कि उनकी सरकार ने बुनियादी ढांचे, निवेश और कानून-व्यवस्था में काम किया है और तीसरी बार सत्ता में उसके लौटने की उम्मीद कर रही है। 2023 में हुए परिसीमन को विपक्षी दलों ने राजनीतिक संतुलन बिगाड़ने वाला बताया है, जबकि BJP इसे संवैधानिक प्रक्रिया मानती है। कांग्रेस पूरी ताकत से महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और बुनियादी ढांचे को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ रही है और बड़ा गठबंधन बनाने की कोशिश में है। यह चुनाव कांग्रेस और BJP- दोनों के लिए लिटमस टेस्ट होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

कांटे की बात

विदेशी लीगों की फ्रेंचाइजियों के भारतीय मालिकों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों को खरीदने से परहेज करना चाहिए। वह जो फीस पाकिस्तानी खिलाड़ी को देंगे, उससे वह अपनी सरकार को इनकम टैक्स देंगे, जिससे उनकी सरकार हथियार खरीदेगी।

सुनील गावस्कर,
पूर्व क्रिकेटर

AI की दुनिया

MedOS दुनिया का पहला रोबो मेडिकल सिस्टम है। यह बीमारी के लक्षण और टेस्ट रिपोर्ट देखकर डॉक्टरों को इलाज का तरीका बताता है। इसे स्टैनफोर्ड और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने बनाया है। अभी यह डॉक्टरों के साथ काम कर रहा है।

डॉक्टरों का भी 'डॉक्टर' है यह रोबॉट

सटीक फैसला

MedOS की सबसे खास बात है, इसका मल्टी एजेंट AI सिस्टम। अगर किसी मरीज को बुखार और खांसी है, तो AI एजेंट पहले उसके लक्षण पढ़ता है। दूसरा AI मरीज की पुरानी रिपोर्ट और टेस्ट देखता है। तीसरा AI डॉक्टर को यह बताता है कि मरीज के लिए कौन-सा टेस्ट या दवा सही हो सकते हैं। इससे इलाज करने का फैसला जल्दी और ज्यादा सटीक हो सकता है।

AI Image

स्मार्ट चश्मे और रोबॉट

इस तकनीक का दूसरा हिस्सा है XR स्मार्ट ग्लासेस। इस खास चश्मे से डॉक्टर को मरीज से जुड़ी जानकारी सीधे आंखों के सामने दिखती है। वह मरीज के शरीर का 3D मॉडल देख सकते हैं। MedOS का तीसरा हिस्सा है कोलैबोरेटिव रोबॉट, जो डॉक्टर के साथ मिलकर काम करता है। अभी MedOS का इस्तेमाल ब्लड टेस्ट और पैथोलॉजी में किया जा रहा है।

- प्रदीप तिवारी

जनता जंक्शन

इरफान

महानगरों के लिए क्यों सही है रैपिड रेल

गुलशन राय खत्री

रैपिड रेल से दिल्ली और मेरठ के बीच का 82 किमी का सफर एक घंटे से भी कम वक्त में पूरा होने लगा। इससे महानगरों में बढ़ती जनसंख्या के बोझ कम किया जा सकता है। दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव का अनुमान 1956 में ही लगाया गया था। इसी सोच के साथ 1985 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) प्लानिंग बोर्ड बना और फिर रैपिड रेल का विचार सामने आया।

सफलता से उम्मीदें । मुंबई, चेन्नै, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता जैसे महानगरों पर भी जनसंख्या का भारी दबाव है। अगर रैपिड रेल सफल रहती है, तो लोग 80–100 किमी दूर छोटे शहरों में रहकर रोज काम के लिए महानगरों तक आ-जा सकेंगे। इससे बड़े शहरों का बोझ कम होगा। सैटेलाइट शहर को महानगरों से जोड़ने की परिकल्पना यही थी कि लोग सुबह कामकाज के लिए महानगर आएं और शाम को घर लौट जाएं। रैपिड रेल से यह साकार हो सकता है, क्योंकि घंटे भर में 100 किलोमीटर की दूर तय हो सकती है।

कॉमन रूम

समस्याएं सुलझेंगी । आबादी कम होगी तो महानगरों में प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, स्लम और अनधिकृत बस्तियों की समस्या कम होगी। आसपास के छोटे शहरों का विकास होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। दूरदराज से लोग बड़े शहरों में कमाने आते हैं। वे बस-ट्रेन पर ज्यादा निर्भर हैं। भारतीय रेलवे का मुख्य काम लंबी दूरी की ट्रेनें चलाना है, लेकिन उसे 100 किमी के लिए भी इंटरसिटी ट्रेन चलानी पड़ती है। इससे ट्रैक पर बोझ बढ़ता है।

विदेश में ऐसी ट्रेन । रैपिड रेल चलने से छोटे दूरी के लिए रेलवे को इंटरसिटी ट्रेनें चलाने की जरूरत नहीं होगी। इनकी जगह लंबी दूरी की और तेज रफ्तार ट्रेनें चल सकती हैं, जैसे कि बर्लिन में एस बान, सियोल में GTX, पेरिस में रीजनल रेल और लंदन में क्रॉस रेल। ये ट्रेनें 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल 160 किमी प्रति घंटे की गति से चलती है और औसत गति 100 किमी प्रति घंटे है।

किराये की चिंता । बड़ी चिंता है कि रैपिड रेल का किराया हर तबका वहन कर पाएगा या नहीं। कारण है भारी लागत। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल की औसत लागत करीब 375 करोड़ रुपये प्रति किमी है। ऐसे प्रोजेक्ट के लिए लोन लेना होगा। लोन आसान शर्तों और कम ब्याज पर मिल सकता है, लेकिन फिर भी इसे चुकाने के लिए कमाई तो चाहिए। खर्च और किस्तों के हिसाब से किराया तय होगा और वह आम यात्री के लिए महंगा हो सकता है।

सही योजना जरूरी । दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के समानांतर एक्सप्रेस-वे भी है। इसकी चिंता स्थायी समिति की रिपोर्ट में जताई गई थी। भविष्य में अन्य शहरों में रैपिड रेल बनाने से पहले यह आकलन जरूरी है कि वहां समानांतर हाईवे या एक्सप्रेस-वे न हो, नहीं तो खर्च बढ़ेगा और लाभ कम होगा।

बिना अतिवाद स्त्री मुद्दों पर लिखती हैं ममता

शोभा अक्षर

ममता कालिया एकांतिक आत्म-मंथन और सामूहिक दायित्व बोध को अपने कलात्मक विवेक से चिह्नित और निरंतरता से रेखांकित करने वाली रचनाकार हैं। बहुमुखी लेखिका, जिन्होंने पिछले पांच दशकों से अधिक समय तक अपनी लेखनी से हिंदी कहानी, उपन्यास, कविता, नाटक, संस्मरण और निबंध जैसी विधाओं को समृद्ध किया। उनके लेखन में जिन शहरों का जिक्र आता है, उनमें इलाहाबाद (अब प्रयागराज) सबसे प्रमुख है। इस शहर का अनुभव और इससे जुड़ी उनकी निहायत व्यक्तिगत जिंदगी को 'जीते जी इलाहाबाद' में देखा जा सकता है। आरंभ में उन्होंने अंग्रेजी में कविताएं लिखीं, लेकिन प्रयागराज आकर रवींद्र कालिया और अन्य हिंदी साहित्यकारों - महादेवी वर्मा, अमृत राय, अमरकांत, इलाचंद्र जोशी आदि के संपर्क में आने के बाद वह पूरी तरह हिंदी साहित्य में समाहित हो गईं।

साहित्य अकादमी सम्मान पर विशेष

रचनाओं में महिला मन

ममता कालिया की रचनाएं मुख्य रूप से मध्यवर्गीय भारतीय परिवारों, विशेषकर स्त्रियों के संघर्ष, संबंधों की जटिलताओं, प्रेम, वैवाहिक जीवन, कामकाजी महिलाओं की चुनौतियों और सामाजिक यथार्थ पर केंद्रित हैं। वह स्त्रीवादी दृष्टिकोण से लिखती हैं, लेकिन बिना अतिवाद के। स्त्री के संघर्ष को पुरुष के संघर्ष से अलग या कमतर नहीं मानतीं, बल्कि समाजशास्त्रीय रूप से अधिक विकट बताती हैं। उन्होंने 200 से अधिक कहानियां लिखीं - 11 उपन्यास, कई कविता-संग्रह, नाटक और संस्मरण दिए। वह अपने पहले ही उपन्यास 'बेघर' में घर-परिवार की असुरक्षा और स्त्री की पहचान की खोज करती नजर आती हैं। 'नरक दर नरक' में वैवाहिक संबंधों की जटिलताओं और मानसिक यातनाओं का चित्रण करती हैं। लड़कियां, एक पत्नी के नोट्स, दुक्खम् सुक्खम्, दौड़ - और उनकी अन्य तमाम रचनाओं में एक गृहिणी के अंतर्मन के गहन आत्मचिंतन को पढ़ा जा सकता है।

वह लिखती हैं, 'मध्यवर्गीय जीवन के अपने ताने-बाने हैं। वहां प्रेम के रंग काल्पनिक रंगों से बेहद भिन्न हैं।' उनकी कहानियां रोजमर्रा के जीवन से निकलती हैं - कामकाजी स्त्री की दोहरी जिम्मेदारी, वैवाहिक संबंधों में असंतुलन, सम्मान का पाखंड। उनकी कविताएं घरेलू जीवन की कड़वी सच्चाई और स्त्री के मासूम विद्रोह को व्यक्त करती हैं। उनका प्रसिद्ध संग्रह 'खांटी घरेलू औरत' है।

सच कहने की हिम्मत

ममता कालिया हिंदी साहित्य की वह आवाज हैं, जो घर की चारदीवारी से निकलकर समाज की सच्चाई दिखाती हैं। उनकी लेखनी आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि वह जीवन के दुख-सुख, प्रेम-संघर्ष को बिना लाग-लपेट के प्रस्तुत करती हैं। उनके 'मौन न रहने को' मैं निराला की उन पंक्तियों की तरह देखती और समझती हूं, '...गर्जन से भर दो वन, तरु-तरु पादप-पादप-तन।' उनकी रचनाओं की भंगिमाओं को पढ़ते हुए प्रकाश-रेखाओं को छूकर महसूस करने जैसा एहसास लिया जा सकता है।

मुझे याद है, उनको पढ़ते हुए ही मैं कई ऐसे कवियों की उन पंक्तियों तक पहुंची, जिसका रास्ता हिंदी साहित्य में ममता कालिया के साथ ही तय किया जा सकता है। यह दौर तमाम सामाजिक-सांस्कृतिक मिलाप का सबसे सक्रिय समय है। ममता कालिया की रचनाओं की उपस्थिति और उनकी सक्रियता इस मिलाप को स्पष्टता प्रदान करती है।

कहीं दूसरों की तारीफ़ हमारे भीतर अहंकार को न बढ़ा दे

स्वामी अवधेशानंद गिरि

व्यवहार से समाज में जो छवि बनती है, वही मनुष्य का व्यक्तित्व कहलाती है। जीने को तो लोग किसी भी तरह जीवन बिता लेते हैं, लेकिन जब आचरण में शालीनता और व्यवहार में मधुरता शामिल हो जाती है, तब जीवन सहज और अर्थपूर्ण हो जाता है। अक्सर हम अपने व्यवहार का सही आकलन नहीं कर पाते, लेकिन जब अपनी गलतियों को समझने का प्रयास करते हैं, तो वही आत्मनिरीक्षण बन जाता है। यही आत्मनिरीक्षण व्यक्ति को आगे बढ़ने की दिशा देता है और सफलता की पहली सीढ़ी भी बनता है।

आलोचना को लोग नकारात्मक रूप में लेते हैं, जबकि सही अर्थों में वही हमारे व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने का अवसर देती है। आलोचना हमारी कमियों को उजागर करती है और उन्हें सुधारने की राह दिखाती है। आलोचना से सीख लेकर जब कोई सुधार का प्रयास करता है, तब उसका व्यक्तित्व धीरे-धीरे निखरने लगता है।

इससे हमें यही सीख मिलती है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्तित्व में गहराई और विश्वास प्रदान करती है। ऐसे व्यक्ति पर लोग भरोसा करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें अच्छा श्रोता भी बनना चाहिए। जब हम सामने वाले की बातों को ध्यान से सुनते हैं, तो हमारे भीतर समझ और संवेदनशीलता बढ़ती है। इसी के साथ सोच का नजरिया भी बदलता है। अच्छा व्यक्तित्व तभी बन पाता है, जब दूसरों की अच्छाइयों को देखने का हमारा नजरिया बदलता है। हमारे हाव-भाव और संकेत भी हमारे विचारों को प्रकट करते हैं, इसलिए समय-समय पर अपने भीतर झांककर स्वयं को सुधारते रहना आवश्यक है। प्रशंसा भी व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। यह मन में मधुरता घोलती है, पर उसके भीतर अहंकार का खतरा भी छिपा होता है। इसलिए धैर्यवान और सजग लोग प्रशंसा को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं और उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बना लेते हैं। यही संतुलन किसी के व्यक्तित्व को परिपक्व बनाता है।

प्रस्तुति : सुभाष चंद्र शर्मा

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

रीडर्स मेल

मतदाताओं का भरोसा

16 मार्च का संपादकीय 'आयोग की चुनौती' चार राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और एक केंद्र शासित पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव आगामी चुनावों की ओर ध्यान दिलाता है। ये चुनाव न केवल क्षेत्रीय राजनीति, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण होंगे। चुनावी वादों और नकद हस्तांतरण की बढ़ती प्रवृत्ति राज्य की वित्तीय स्थिति पर दबाव डाल सकती है। राजनीतिक हिंसा की आशंका भी चिंता का विषय है। इसलिए चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी और मतदाताओं के विश्वास के अनुरूप हों।

मृणाल गोस्वामी, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

राज्यसभा चुनाव : 11 में से 7 सीटें BJP ने जीतीं

NDA पड़ा भारी, 2 सीट सहयोगी दल-समर्थित उम्मीदवारों को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राज्यसभा चुनाव में एनडीए का पलड़ा भारी रहा। जिन 11 सीटों पर सोमवार को मतदान हुआ, उनमें से 7 बीजेपी ने जीतीं जबकि दो उसके सहयोगी दल और समर्थित उम्मीदवारों के पाले में गईं। बिहार और ओडिशा में विधायकों के अनुपस्थित रहने और क्रॉस वोटिंग के कारण विपक्ष खेमे को निराश होना पड़ा। हरियाणा की दो सीटों पर मतगणना में आपत्ति को लेकर देर रात तक नतीजों का इंतजार होता रहा। इन चुनावों में हरियाणा और बिहार की एक-एक सीट पर मुकाबला खासा रोचक माना जा रहा था। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार देशभर में राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव थे। इनमें से 26 सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इनमें बीजेपी के सात, कांग्रेस के पांच, टीएमसी के चार, डीएमके के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। शिवसेना, आरपीआई (ए), एनसीपी, एनसीपी (एसपी), एआईएडीएमके, पीएमके और यूपीपीएल के एक-एक उम्मीदवार भी बिना चुनाव राज्यसभा पहुंच चुके हैं। बाकी 11 सीटों के लिए हुए सोमवार को मतदान हुआ।

ओडिशा में बीजेपी को, बीजेडी और निर्दलीय को एक-एक सीट : ओडिशा से राज्यसभा की चार सीटों के लिए सोमवार को हुए चुनाव में बीजेपी समर्थित उम्मीदवारों का दबदबा रहा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और पार्टी के मौजूदा सांसद सुजीत कुमार ने जीत दर्ज कर अपनी सीट बरकरार रखी। वहीं, बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय भी चुनाव जीतने में सफल रहे। इस जीत को खास माना जा रहा है, क्योंकि मतदान के दौरान क्रॉस-वोटिंग के आरोप लगे। बीजेडी के डिप्टी चीफ व्हिप प्रताप केशरी देब ने दावा किया कि उनकी पार्टी के आठ विधायकों ने दिलीप राय के पक्ष में मतदान किया। दूसरी ओर बीजू जनता दल (बीजेडी) के संतृप्त मिश्रा ने भी जीत दर्ज कर पार्टी की उपस्थिति कायम रखी। इस तरह चार सीटों में से तीन पर बीजेपी समर्थित उम्मीदवारों की जीत ने राज्य की सियासत में हलचल बढ़ा दी है।

PTI

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी जीते, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ मनाया जश्न

बिहार : सभी सीटें NDA को, महागठबंधन के 4 विधायक नदारद

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए सोमवार को हुए चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए के सभी उम्मीदवारों ने जीत हासिल कर ली। एनडीए ने दावा किया कि मतदान के दौरान एनडीए के सभी 202 विधायकों ने हिस्सा लिया, जिससे गठबंधन की स्थिति और मजबूत हो गई। एनडीए के उम्मीदवारों में जेडीयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जेडीयू के रामनाथ ठाकुर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिवेश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा ने जीत हासिल की। दूसरी ओर विपक्षी महागठबंधन को करारा झटका लगा, क्योंकि कांग्रेस के तीन और आरजेडी के एक विधायक मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। हालांकि, एआईएमआईएम के पांच और बसपा के एक विधायक ने आरजेडी उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह के पक्ष में मतदान करने का दावा किया। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की ताकत 35 विधायकों की थी और शुरुआत में वे छह वोटों से पीछे थे, जबकि एनडीए के तीन वोट कम थे। इसके बावजूद महागठबंधन ने चुनाव लड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि यदि चार विधायक अनुपस्थित नहीं रहते और किसी ने विश्वासघात नहीं किया होता तो जीत संभव थी। तेजस्वी ने संकेत दिया कि अनुपस्थित विधायकों के मुद्दे पर बाद में कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा में मतगणना रोकनी पड़ी

हरियाणा से राज्यसभा की दो सीटों के लिए शाम चार बजे तक वोटिंग हुई। 5 बजे काउंटिंग शुरू होनी थी, मगर रात 9 बजे तक भी शुरू नहीं हो पाई। बीजेपी ने कांग्रेस के दो विधायकों के वोट में सीक्रेसी लीक की शिकायत की। इनमें ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बेनीवाल और टोहाना विधायक परमवीर सिंह शामिल हैं। कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज के वोट में सीक्रेसी लीक होने की शिकायत की। ऐसे में काफी देर तक मतगणना रुकी रही। 90 सीटों वाली विधानसभा में 88 वोट पड़े। आईएनएलडी के दोनों विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल चौटाला वोटिंग से दूर रहे। 88 वोट पड़ने के बाद जीत के लिए कोटा 30 वोटों का रह गया है। संख्याबल के हिसाब से बीजेपी कैंडिडेट संजय भाटिया और कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध के पास जीत के लिए जरूरी आंकड़ा है। क्रॉस वोटिंग या वोट रद्द होने की स्थिति में ही बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल दूसरी सीट निकाल सकते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष का EC को लेटर

काउंटिंग में देरी के चलते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा, 'गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है। हमारे वैध वोटों को अमान्य घोषित नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध ने रिटर्निंग ऑफिसर पर पक्षपात का आरोप लगाया है।

पश्चिम बंगाल और केरल के लिए BJP ने जारी की उम्मीदवारो की पहली लिस्ट

ममता की सीट पर फिर सुवेंदु ठोकेंगे ताल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बीजेपी ने केरल और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की है। केरल के लिए बीजेपी ने 47 और और पश्चिम बंगाल के लिए 144 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों सीटों से सुवेंदु अधिकारी को उम्मीदवार बनाया है। पिछले विधानसभा चुनाव में सुवेंदु ने नंदीग्राम सीट से ममता बनर्जी को हराया था और फिर भवानीपुर में हुए उपचुनाव में ममता बनर्जी ने जीत हासिल की थी।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से, रासबिहारी सीट से स्वपन दासगुप्ता को टिकट दिया गया है। आसनसोल दक्षिण से अग्निमित्र पॉल और पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा को मोयना सीट से उतारा गया है। वहीं, केरल में बीजेपी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को नेमम और वी मुरलीधरन को कझाकूटम सीट से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन को कंजीरापल्ली सीट से और पीसी जॉर्ज को पूनजार सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मंजेश्वर सीट से और बीजेपी महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा सुरेंद्रन को पलक्कड़ सीट से उम्मीदवार बनाया है।

बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी

144 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की BJP ने पश्चिम बंगाल में

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

बंगाल के DGP, कोलकाता पुलिस आयुक्त हटाए

पीटीआई, कोलकाता : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के ऐलान के एक दिन बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को पद से हटा दिया। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को पांडे के स्थान पर डीजीपी नियुक्त किया है। आयोग ने अजय कुमार नंद को कोलकाता का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद अधिकारियों को हटाने का फैसला किया गया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को सिद्धनाथ गुप्ता को पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (प्रभारी) नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जबकि नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवाओं का महानिदेशक नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग ने अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त महानिदेशक और आईजीपी (कानून और व्यवस्था) और अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात करने का आदेश दिया। आयोग ने आदेशों पर तत्काल अमल का निर्देश दिया और राज्य सरकार से सोमवार दोपहर बाद तीन बजे तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा।

राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए TMC का तीसरा पत्र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात के लिए टीएमसी के सांसदों ने सोमवार को तीसरी बार पत्र लिखा है। पार्टी ने अगले सप्ताह मुलाकात के फिर से प्रयास शुरू कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी के राज्यसभा नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 9 मार्च को राष्ट्रपति को पत्र लिखकर 12-15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय देने का अनुरोध किया था। प्रतिनिधिमंडल सीएम ममता बनर्जी के निर्देश पर सरकार की पहलों और योजनाओं की जानकारी साझा करना चाहता था। राष्ट्रपति भवन की ओर से सूचित किया गया कि समय की कमी के चलते अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सकता।

> पार्टी ने अगले सप्ताह मुलाकात के लिए फिर से प्रयास शुरू कर दिए

मुर्शिदाबाद हिंसा: NIA जांच पर रोक से SC का इनकार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें इस साल जनवरी में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा मामले में एनआईए जांच पर रोक लगाने से मना किया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया। कहा कि हाई कोर्ट ने संतुलित नजरिया अपनाया है। 20 जनवरी के हाई कोर्ट आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, वसंत कुंज,
नई दिल्ली-110070

nbt.india

सूचना
अल्पकालिक निवेश पर विशेष ब्याज दर आमंत्रित करने से संबंधित

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एन.बी.टी.), भारत के सभी अनुसूचित बैंकों से एक वर्ष की अवधि के लिए **प्रतिदेय और गैर–प्रतिदेय** करने योग्य आधार पर अल्पकालिक वित्तीय निवेश पर विशेष ब्याज दर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है, जोकि **31 मार्च 2026** तक वैध होगा।

दरें एवं विस्तृत प्रारूप का विवरण एन.बी.टी. की वेबसाइट (www.nbtindia.gov.in) पर उपलब्ध है।

ई–मेल accounts@nbtindia.gov.in अथवा प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 मार्च, 2026 को दोपहर 02:00 बजे तक है।

CBC 21103/12/0102/2526

गैस संकट पर हो चर्चा: खरगे फैला रहे अराजकता: रिजिजू

राज्यसभा: विपक्ष-सरकार के बीच तकरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में गैस संकट का मुद्दा उठाकर चर्चा की मांग की। जबकि, सरकार ने कहा कि लोकसभा में चर्चा हुई थी। तब विपक्ष ने इधर-उधर की बातें कीं। मंत्री ने जवाब दिया तो सुना नहीं, अब अराजकता फैला रही है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि गैस संकट का असर गरीब और कमजोर तबकों, मध्यम वर्ग और होटलों पर पड़ा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज हुआ तो सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए अडवाइजरी जारी की थी। तभी से पता था कि ऊर्जा सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद तैयारी नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट ने सरकार के खराब प्रबंधन और गलत विदेश नीति उजागर कर दी है। खरगे ने यह भी दावा किया कि कई जगहों पर एलपीजी की कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत सख्त कदम उठाए। जेपी नड्डा के विरोध के बीच खरगे ने बात पूरी की और सभापति से गैस संकट पर पर चर्चा कराने की मांग की। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा का जिक्र करते हुए कहा कि बीते दिनों कहा गया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी उस सदन में एलपीजी का मामला उठाएंगे, लेकिन उन्होंने इधर-उधर की बातें कीं। इस मसले पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी अपना बयान दिया था, लेकिन उस वक्त भी कांग्रेस सांसदों ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि सरकार जब जवाब देती है तो ये सुनते नहीं हैं, लेकिन बाद में यहां मुद्दा उठाते हैं।

मल्लिकार्जुन खरगे, किरेन रिजिजू

संकट में भी विपक्ष कर रहा राजनीति : नड्डा

खरगे के आरोपों पर नड्डा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संकट की घड़ी में भी विपक्ष, खासकर कांग्रेस, इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। नड्डा ने कहा कि ये देश के साथ खड़े होने की बजाय अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

पैर गंवाने वाले CRPF अधिकारी से मिले राहुल

जल्द स्वस्थ होने की कामना की, नक्सल विरोधी अभियान में हुए थे घायल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली के आर. के. पुरम स्थित सीआरपीएफ मेस में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक से मुलाकात की। अजय झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में गंभीर घायल हो गए थे। अपना एक पैर भी खो दिया था। मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक से मुलाकात कर उनके अदम्य साहस, अटूट मनोबल और अद्भुत जज्बे को महसूस किया। उन्होंने अजय के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

> अजय मलिक के साहस और समर्पण की सराहना की

#ConmanVsCommonMan

© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

अक्सर, आकर्षक फेस्टिव ऑफ़र्स दीर्घकालीन वित्तीय संकट का कारण बन सकते हैं।

फर्जी फेस्टिव सीजन ऑफ़र्स से सावधान रहें। पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी, ना तो QR कोड स्कैन करें और ना हीं UPI पिन दर्ज करें, और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करे, तो कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr/02/26/202

THE LEELA
PALACES HOTELS RESORTS

लीला पैलेसेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड
(पूर्व में श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड और श्लॉस बैंगलोर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी)
पंजीकृत कार्यालय: द लीला पैलेस, डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, अफ्रीका एवेन्यू, नेताजी नगर, नई दिल्ली - 110023
कॉर्पोरेट कार्यालय: टावर-4, तीसरी मंजिल, इक्विनॉक्स बिज़नेस पार्क, कुर्ला पश्चिम, मुंबई - 400070
फ़ोन नंबर: +91 (11) 39331234 | **ईमेल ID:** cs@theleela.com
वेबसाइट: www.theleela.com | **सीआईएन:** L55209DL2019PLC347492

डाक मतपत्र और ई-वोटिंग की सूचना

लीला पैलेसेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड (पूर्व में श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड और श्लॉस बैंगलोर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) (**"कंपनी"**) के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (**"नियम"**) के संशोधित नियम 20 और 22 के साथ पढ़ी जाने वाली कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 108, 110 और अन्य लागू प्रावधान और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा डाक मतपत्र और रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित जारी किए गए लागू परिपत्रों (**"एमसीए परिपत्र"**), SSEBI (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के प्रावधान (किसी भी वैधानिक संशोधन, परिवर्तन, स्पष्टीकरण या पुनःअधिनियमन सहित), इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी आम बैठक संबंधी सचिवीय मानक ("एसएस-2") और अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अनुसार, डाक मतपत्र सूचना ("सूचना") में उल्लिखित प्रस्तावों के लिए कंपनी के सदस्यों की स्वीकृति केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा (**"रिमोट ई-वोटिंग"**) ही मांगी जा रही है।

एमसीए परिपत्रों और लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी ने 16 मार्च, 2026, सोमवार को रिमोट ई-वोटिंग के निर्देशों सहित सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से, अर्थात् ईमेल द्वारा, उन सदस्यों को भेजी है जिनके ईमेल पते 13 मार्च, 2026, शुक्रवार (**"कट-ऑफ तिथि"**) तक कंपनी / केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट ("आरटीए") / डिपॉजिटरी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ पंजीकृत हैं। जिन सदस्यों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे सूचना के नोट्स की टिप्पणी 11 में दी गई प्रक्रिया का पालन करें।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट https://www.theleela.com/general-meeting-information/Postal-Ballot नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (**"एनएसडीएल"**) की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com, आरटीए की वेबसाइट https://www.kfintech.com और स्टॉक एक्सचेंज, अर्थात् नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसईइंडिया) की वेबसाइट www.nseindia.com और बीएसई लिमिटेड (बीएसई लिमिटेड) की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

केवल वे सदस्य जिनके नाम कट-ऑफ तिथि तक डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए सदस्य रजिस्टर या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे ही इस सूचना में उल्लिखित प्रस्तावों पर दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के पात्र होंगे। सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होंगे। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं है, उसे इस सूचना को केवल सूचना के उद्देश्य से ही समझना चाहिए।

कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एनएसडीएल को नियुक्त किया है। रिमोट ई-वोटिंग बुधवार, 18 मार्च, 2026 को **सुबह 9:00 बजे (भारतीय समयानुसार)** से शुरू होगा और गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026 को **शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार)** समाप्त होगा। एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर अपना वोट डालने के बाद, उसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश सूचना की टिप्पणी 15 में दिए गए हैं।

कंपनी ने श्री शिवगंगा मुरलीधर प्रमोद (एफसीएस सदस्यता संख्या F7834 और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट संख्या 13784) और/या उनकी अनुपस्थिति में सुश्री कोमल श्रीमंकर (एसीएस सदस्यता संख्या 47702 और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट संख्या 27905) बीएमपी एंड कंपनी एलएलपी के पार्टनर, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से डाक मतपत्र का संचालन करने के लिए स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है।

डाक मतपत्र के परिणाम सोमवार, 20 अप्रैल, 2026 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ, स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किए जाएंगे और कंपनी की वेबसाइट https://www.theleela.com/general-meeting-information/Postal-Ballot और NSDL की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी अपलोड किए जाएंगे।

रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न या समस्या के लिए, सदस्य www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और ई-वोटिंग यूजर उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं, या NSDL से evoting@nsdl.com पर संपर्क कर सकते हैं, या 022 - 4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं, या श्री सुकेश शेट्टी, NSDL को evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं, या कंपनी से cs@theleela.com पर संपर्क कर सकते हैं।



सदस्यों से अनुरोध है कि वे आरटीए या कंपनी के साथ सभी पत्राचार में अपने डीपीआईडी और क्लाइंट आईडी (यदि शेयर डीमैटेरियलाइज्ड मोड में हैं) तथा फोलियो नंबर (यदि शेयर फिजिकल फॉर्म में हैं) अवश्य बताएं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
लीला पैलेसेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड के लिए
(पूर्व में श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
(पूर्व में श्लॉस बैंगलोर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
हस्ताक्षर/-
ज्योति माहेश्वरी
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या: A24469

दिनांक: 16 मार्च, 2026
स्थान: मुंबई

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 03-16-2026 22:10 Color:

चलिए, सच को साथ मिलकर खोजें

द टाइम्स ऑफ इंडिया के भव्य कार्यक्रम Tesseract ने दिया नया नज़रिया

■ सुधीर सरन

मुंबई के जमशेद भाभा थिएटर के शांत और प्रतिष्ठित सभागार में बीती शाम एक निमंत्रण जगाने वाली और साहस भरी घटना हुई। एक अखबार जो रोज खबरें परोसता है, उसने अपने पाठकों को निमंत्रण भेजा। यह बुलावा केवल भरोसा पैदा करने के लिए नहीं था, यह था साथ मिलकर सोचने और सच की खोज में आगे बढ़ने के लिए।

'Tesseract: The Geometry of Truth' एक भव्य प्रस्तुति का वादा लेकर आया था और उसने यह निभाया भी। चमक बिखेरते डांसर, ऊंचाइयों तक पहुंचता संगीत और किसी दार्शनिक तूफान में कौंधती बिजली-सी मंच पर चमकती रोशनी। लेकिन, कार्यक्रम के बाद जब तालियों की गूंज धीरे-धीरे थमी, तब जो बात मन में रह गई, वह सिर्फ भव्यता नहीं थी - इस झिलमिलाहट के पीछे थी एक गहरी बात : सत्य कोई ट्रॉफी नहीं, जिसे हाथों में थमा दिया जाए; सत्य एक कर्तव्य है, जिसे निभाना पड़ता है।

मैं जॉयस श्रोफ के साथ थिएटर गया था। उन्होंने कई बरसों तक इंडियन एक्सप्रेस की मार्केटिंग और सेल्स टीम में काम किया है। वह एक अखबार के कामकाज को बहुत अच्छी तरह समझती हैं। जॉयस जानती हैं कि किस तरह से संपादकीय महत्वाकांक्षा और व्यावहारिक व्यवस्था के बीच नाज़ुक संतुलन से न्यूज़रूम जिंदा रहता है। वह दो बेटियों की मां हैं, जिन्होंने अपना अलग मुकाम बनाया है - मलाइका श्रोफ और अमृता श्रोफ। इसके बाद भी मैं जिस जॉयस को जानता हूं, उसे चमक-दमक ज्यादा भाती नहीं। मेरी तरह उन्हें भी दर्शकों के बीच गुमनाम होकर बैठना पसंद है - लोगों की नजरों से मुक्त होना, जबकि मंच पर विचार पनपते हैं।

■ पत्रकारों वाली जिद और दृढ़ता

सच कहूं तो हम अपने एक दोस्त की वजह से इस कार्यक्रम में गए थे। टाइम्स ऑफ इंडिया में हमारे एक पत्रकार मित्र हैं, विनय मिश्रा। उन्होंने ही हमें आमंत्रित किया था। उन्होंने आग्रह किया और फिर याद दिलाया भी। ऐसी दृढ़ता पत्रकारों में ही होती है। यह भरोसा कि कोई स्टोरी बार-बार प्रयास करने लायक है। हमें विनय पर भरोसा था, तो हमने हामी भर दी।

हम वाकई खुशकिस्मत थे। विनय हमें जिसका साक्षी बनाने ले गए थे, वह सिर्फ प्रस्तुति नहीं, सोच को झकझोरने वाला अनुभव था। शाम की शुरुआत बहुत ही सुंदर ढंग से हुई। मीरा जैन ने मंच पर आकर दर्शकों का स्वागत किया। उनकी आवाज शांत, संतुलित और बेहद प्रभावशाली थी। उनके बगल में खड़े थे समीर जैन। उन्होंने बोलने की जल्दी नहीं दिखाई, बल्कि उस आवाज के साथ खड़े रहे, जो पूरे सभागार से संवाद कर रही थी। दुनिया में जहां लाउडनेस मंच कब्जाने के लिए शोर मचाती है, यह नजारा बिल्कुल अलग था।

मीरा ने अपनी यात्राओं और थिएटर के बारे में बात की, परिवार के साथ बिताए पल के बारे में बताया। तब यह अहसास हुआ कि इस महत्वाकांक्षी प्रस्तुति की प्रेरणा जैन परिवार के इन्हीं अनुभवों से आई है - दुनियाभर के मंचों पर कहानियों को देखने की खुशी और उस अद्भुत अनुभव को अपने देश में लाने की इच्छा से। और यहां से संवाद दिलचस्प मोड़ लेने लगा।

■ अजनबियों से बांटने का सुख

हम ऐसे वक्त में जी रहे हैं, जहां लोगों को दूसरों पर आरोप लगाने की आदत है। बिना सोचे-समझे किसी पर कोई लेबल लगा देना आम है। किसी को elitist कहकर खारिज कर दिया जाता है, किसी को entitled, या वोक या फासिस्ट। हम इन शब्दों को पत्थरों की तरह फेंकते हैं और कहते हैं कि यही तो तर्क है। लेकिन, मीरा जैन को सुनते हुए एक अलग बात समझ में आई। हां, घूमना और ग्लोबल थिएटर देखना एक विशेषाधिकार है। लेकिन, महत्वपूर्ण बात है कि कोई उस विशेषाधिकार का इस्तेमाल कैसे करता है। जैन परिवार चाहता तो इस अनमोल अनुभव को अपने तक सीमित रखता। वे लोग आराम से दुनिया घूमते रहते, विदेशों में थिएटर देखते और निजी जीवन का आनंद उठाते।

इसके बजाय उन्होंने तय किया कि इस प्रेरणा को वापस मुंबई लाया जाए और बांटा जाए हजारों अनजान लोगों के साथ। उनका यह निर्णय विशेषाधिकार को दुर्लभ बना देता है, एक उपहार। और वाकई, क्या ही उपहार था! जब रोशनी मद्धम हुई और मंच जाग उठा, तो लगा कि पूरा थिएटर एक साथ सांस लेने लगा हो। लगभग 100 डांसर हरकत में आ गए - बेहद सटीक लयबद्धता। स्क्रीनें दिव्य खिड़कियों की तरह जगमगा रही थीं, रंग मानो ब्रह्मांड से बरस रहे हों और संगीत की लय कभी पुरातन लगती, कभी नई।

इसी बीच एक क्षण में कोरस ने पंक्ति गाई, 'शोर के पार रोशनी को खोजो।' यह बोल ऐसे थे, जैसे घने कोहरे को चीरती लाइटहाउस की रोशनी। इस दौर में जब चारों तरफ सूचनाओं, विचारों, एल्गोरिद्म और आरोपों की बाढ़ आई है, तब विचारों की स्पष्टता दुर्लभ और विलक्षण कार्य लगती है।

इसके बाद कार्यक्रम की गति थोड़ी धीमी हुई। एक आवाज गूंजी, 'पलों के बीच की खामोशी सुनिए।' और अचानक पूरा सभागार सुन्न-सा हो गया।

कला और विचारों का मंच
मुंबई के जमशेद भाभा थिएटर के प्रतिष्ठित सभागार में हुआ आयोजन

■ तकनीक की आकाशगंगा, इंसानों की धड़कन

पूरे कार्यक्रम में कोरियोग्राफी अद्भुत थी। डांसर्स तारों के समूह की तरह कभी मंच पर एक होते और कभी छितरा जाते। कभी लगता कि दार्शनिक आपस में बहस में उलझे हों। और फिर लगता कि वे पत्रकार बन गए हैं, जो आधुनिक सूचनाओं के शोर से जोर-आजमाइश कर रहे। तकनीक ने प्रस्तुति को और भव्य बना दिया था। विशालकाय LED डिजिटल आकाशगंगाओं की तरह खुल रही थीं, विचारों के ज्वार भाटे की तरह संगीत की लहरें उठतीं। लेकिन, इस कार्यक्रम की धड़कन तो हम इंसान ही थे - सांस, हड्डियां और शरीर।

जब डांसर्स बदलते दृश्यों के बीच डांस कर रहे थे, तब Tesseract का रूपक समझ आने लगा। एक Tesseract का मतलब होता है चार डाइमेंशन वाला क्यूब। केवल एक तरफ से देखकर हम इस आकृति को पूरा नहीं समझ सकते। इसके लिए इसे चारों तरफ से देखना होगा, समझना होगा। सच भी कुछ ऐसा ही है। एक बार जब यह विचार स्पष्ट हुआ, तो आयोजक संस्था और भी लुभावनी लगने लगी। कार्यक्रम के पीछे था - द टाइम्स ऑफ इंडिया, दुनिया के सबसे बड़े अखबारों में से एक, लंबे अरसे से जिसका ध्येय रहा है वास्तविकता को लोगों तक पहुंचाना। लेकिन, इस संस्था का सच की प्रकृति पर नाटकीय प्रस्तुति कराना पहली नजर में विरोधाभासी लगता है।

लेकिन, शायद बात इसके उलट है। प्रस्तुति पत्रकारिता पर आरोप नहीं लगाती, उसके गहरे उद्देश्य का सम्मान करती है। एक दृश्य में, पत्रकार के रूप में एक अकेला पात्र खड़ा है और उसके चारों तरफ बेतरतीब ढंग से डांसर्स घूम रहे हैं - जैसे अफवाहें, तथ्य, विचारों का टकराना और गलत सूचनाओं का बढ़ते जाना। मंच पर हेडलाइन ऐसे चमकती हैं, जैसे बेचैन पक्षी।

और फिर संगीत का सुर ऊंचा होता है, 'सच तब जीवित रहता है, जब हम सवाल पूछने का साहस करते हैं।' यह पंक्ति थिएटर में यूं गूंजती है, मानो समाज को जिम्मेदारी याद दिला रही हो उसकी। यह कार्यक्रम याद दिलाता है कि सच केवल पत्रकारों का नहीं होता। पत्रकार उसकी जांच करते हैं। वैज्ञानिक मापते हैं। कलाकार उसे रोशनी में लाते हैं। लेकिन, इसमें नागरिकों को जरूर हिस्सा लेना चाहिए।

लोकतंत्र में सच की किसी अखबार की तरह रोज डिलिवरी नहीं होती। सच को लगातार कोशिश करके, धैर्य से और मिलकर खोजा जाता है।

■ सम्मान की जमीन पर सच

इस शाम ऐसा एक और क्षण था, जिसका जिक्र होना चाहिए। दर्शकों के बीच में इंडियन एक्सप्रेस से मेरे प्रकाशक अनंत गोयनका भी बैठे थे। साथ में उनकी पत्नी और मां थीं। वे तीनों महज दर्शक बनकर नहीं आए थे, वे आए थे पत्रकारिता के संरक्षक बनकर। उनकी मौजूदगी अपने आप में संदेश थी कि पत्रकारिता की दुनिया में सौहार्द कोई विरोधाभास नहीं, ताकत है। यह संदेश भी कि भले ही दूसरा प्रकाशक प्रतिस्पर्धी है, पर उसके अच्छे काम की सराहना करना और उसे सेलिब्रेट करना समझदारी है, कमजोरी नहीं। पत्रकारिता के पेशे में जहां प्रतिस्पर्धा बेहद तीखी होती है, इस शाम ने हमें कुछ नया याद दिलाया।

सम्मान अब भी मौजूद है और यही वह जमीन है, जिस पर सच सबसे अच्छी तरह से पनपता है।

मैं केवल 'Tesseract' जैसे शानदार कार्यक्रम के लिए ही आभारी नहीं, मैं आभारी हूं इसके चारों तरफ फैली उदारता और विस्तार की भावना के लिए भी। मैं आभारी हूं अनंत गोयनका की उस सोच के लिए, जिसकी पत्रकारिता को जरूरत होती है। मैं आभारी हूं अपने संपादक राज कमल झा का। उनके गहरे चिंतन की हिम्मत की बराबरी केवल इस बात से की जा सकती है कि वह हमें निडर होकर लिखने के लिए प्रेरित करते हैं।

मैं आभारी हूं नंद गोपाल राजन 'नंदू' का, जिनकी संपादकीय समझ हमें रोज याद दिलाती है कि पत्रकारिता को कभी खुद को सुरक्षित रखने के लिए सिमटना नहीं चाहिए। इस शाम ने अगर हमें कुछ सिखाया, तो यह कि, 'छोटी सोच समाज को छोटा बना देती है। बड़ी सोच ही उसे आगे बढ़ाती है।'

■ सब कुछ तो साझा है

प्रस्तुति जैसे-जैसे आज के वक्त की ओर बढ़ी, माहौल गहरा होने लगा। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे सामने किसी खलनायक नहीं, बल्कि आईने की तरह आता है। यह प्रतिबिंबित करता है इंसानी खोज की चाहतों और चिंताओं को। कोरियोग्राफी में एक तूफान की तरफ जलवायु परिवर्तन का भी मुद्दा आया। फिर डांसर्स की गति तेज हो गई। वे तेजी से मिलने, बनने और बिगड़ने लगे - जैसे आज की दुनिया।

कुछ फिर बदलता है। डांसर्स अब बिखरे नहीं होते, वे साथ मिलकर चलने लगते हैं। उनका शरीर समय की लय की तरह झुकता और सांस लेता है। पूरा थिएटर शांत हो जाता है। और तब आखिरी पंक्ति उस नीरवता को भंग करती है, 'सच तब शुरू होता है, जब हम साथ शुरू करते हैं।'

यह वाक्य उम्मीदों भरा है और सादगीपूर्ण भी, क्योंकि यह हमें ऐसी बात याद दिलाता है जिसे लोकतंत्र अक्सर भूल जाता है। अकेले हम लड़खड़ा जाते हैं, जबकि साथ मिलकर फलते-फूलते हैं।

कार्यक्रम खत्म होने के बाद देर रात जब मैं घर पहुंचा तो पाया कि वह कई युवा दिमागों से भरा हुआ था - सोचने वाला दिमाग, सपने देखने वाला दिमाग और दिमाग जो सवाल करता है। और मैंने उनसे बस एक ही बात कही, 'काश! मैं आप सबको अपने साथ ले गया होता।' अगली सुबह दिल्ली पहुंच कर मैंने अपनी मां से भी यही कहा।

मेरी मां 81 वर्ष की हैं। वह अपनी पीढ़ी के उन विरले लोगों में हैं, जिन्हें टेसरैक्ट के बारे में ठीक-ठीक पता है। उन्होंने जीवन के कई दशक साइंस फिक्शन पढ़ा है। इस शब्द के फैशनेबल बनने से बहुत पहले वह किताबों के जरिये दूसरे डाइमेंशन की यात्रा करती रही हैं।

जब मैंने उन्हें डांसर्स, स्टेज और म्यूजिक के बारे में बताया, जहां वक्त और सच जीवित पहेली की तरह लग रहे थे, तो वह मुस्कुरा उठीं। उनकी मुस्कान ऐसे शख्स की थी, जो यह मानता है कि कल्पना ही इंसान की सबसे बड़ी ताकत है। और शायद यही Tesseract जैसी प्रस्तुतियों के लिए असली चुनौती भी।

हम इसके विचारों को थिएटर के बाहर कैसे ले जाएं? कैसे ले जाएं इसे हम दिल्ली जैसे शहरों में, घरों तक, कक्षाओं में, न्यूजरूम में और लोगों की बातचीत में? जवाब शायद सरल है। हम इसके बारे में बात करें, इसके बारे में लिखें और इसे साझा करें।

हम खुद को याद दिलाएं कि कल्पना की तरह ही सच भी तब मजबूत होता है, जब वह फैलता है। मैं विनय मिश्रा का आभारी हूं, जो उन्होंने बार-बार याद दिलाया। मैं आभारी हूं जैन परिवार का, जिन्होंने अपनी प्रेरणा पूरे शहर के साथ बांटी।

कभी-कभी धन या प्रभाव सबसे बड़ा विशेषाधिकार नहीं होता। वह होता है वह मौका कि हम अंधेरे थिएटर में साथ बैठें और याद करें कि सच, लोकतंत्र और कल्पना अकेले की यात्रा नहीं। हमें इन्हें साथ मिलकर बनाना चाहिए। अगर अकेले निकले तो लड़खड़ा जाएंगे।

(द इंडियन एक्सप्रेस से साभार)

Photos: Kaushik Naik

चमक बिखेरते डांसर, तेज होता संगीत और मंच पर दमकती रोशनी के बीच विचारों का दिखा संगम

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

निवेश सलाहकार पर वर्किंग ग्रुप

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: तेजी से बढ़ते अडवाइजरी इकोसिस्टम में नियमों को आसान बनाने के मकसद से सेबी ने एक वर्किंग ग्रुप बनाया है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स और रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट अडवाइजर्स (RIAs) को रेगुलेट करने वाले नियमों में होने वाले ओवरलैप की समीक्षा करेगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने ARIA के एक कार्यक्रम में बताया कि निवेश सलाहकारों के लिए एक जैसा 'हल्का जुर्माना' ढांचा तैयार किया जा रहा है।

टाटा मोटर्स की गाड़ियां होंगी महंगी

■ पीटीआई, नई दिल्ली : टाटा मोटर्स ने सोमवार को बताया कि वह 1 अप्रैल से अपने कमर्शल वाहनों की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। कंपनी ने आगे कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और उनके वेरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी।

'बेरोजगारी दर फरवरी में घटी'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों में कुल बेरोजगारी दर इस साल फरवरी में मामूली रूप से घटकर 4.9% रह गई। जनवरी में यह दर 5% थी। सोमवार को जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (PLFS) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में शहरों में बेरोजगारी दर (UR) घटकर 6.6% पर आ गई। वहीं, ग्रामीण इलाकों में 4.2% पर ही बनी रही, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ।

कलपुर्जों की कमी से निपटने में मदद

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार ने PM E-DRIVE योजना के तहत सामान को देश में ही बनाने की शर्तों में ढील दी है। इससे इलेक्ट्रिक ट्रक और बस बनाने वाली कंपनियों को बड़ी राहत मिली है। अब ये कंपनियां रेयर-अर्थ मैग्नेट वाली ट्रैक्शन मोटर 31 अगस्त तक विदेश से मंगा सकेंगी। इससे कलपुर्जों की कमी से निपटने में मदद मिलेगी।

सस्ते हुए शेयर तो टूट पड़े खरीदार

तीन दिनों की गिरावट के बाद सेंसेक्स 1.26% उछला, निफ्टी 23,400 के पार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : पिछले तीन दिनों से शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को ब्रेक लग गया। बैंकिंग और ऑटो सेक्टर सहित चुनिंदा बड़े शेयरों में हुई खरीदारी के चलते सेंसेक्स और निफ्टी में 1% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। हालांकि वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.41% बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पश्चिम एशिया की जंग और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से बाजार में अभी भी पूरी तरह से डर खत्म नहीं हुआ है।



30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26%) उछलकर 75,502.85 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी भी 257.70 अंक (1.11%) बढ़कर 23,408.80 पर पहुंच गया। वहीं, BSE मिडकैप सिलेक्ट इंडेक्स में 0.36% और स्मॉलकैप सिलेक्ट इंडेक्स में 0.25% की मामूली गिरावट आई। सेक्टर के हिसाब से देखें तो BSE टॉप 10 बैंक इंडेक्स 1.61% उछला। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 4.22% चढ़े।

AI Image

चांदी 9,000, सोना 2,950 रुपये सस्ता

सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 9,000 (3.4%) रुपये की भारी गिरावट आई और यह 2.56 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, 99.9% शुद्धता वाला सोना लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ। इसमें 2,950 रुपये (1.81%) की कमी आई। अब यह 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) मिल रहा है।

NBT Lens – खबरों के अंदर की बात

क्या खत्म हो गई है चुनौतियां?

शेयर बाजार में कारोबार के आखिरी घंटे में अच्छी वापसी देखने को मिली। हाल ही में हुई भारी बिकवाली के बाद यह एक तरह की राहत वाली तेजी थी। लेकिन क्या बाजार की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें बाजार की चाल पर दबाव बनाए हुए हैं। ऐसे में आने वाले समय में निवेशकों का रुख इस बात पर टिका होगा कि पश्चिम एशिया में हालात कैसे रहते हैं। अगर वहां सप्लाई में आ रही रुकावटें कम होती हैं, तो इससे बाजार को मजबूती मिलेगी।

लौटी रौनक

- **बाजार की वापसी:** तीन दिनों की लगातार गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में 1% से ज्यादा का सुधार।
- **बैंकिंग सेक्टर का कमाल:** HDFC और SBI में खरीदारी से बाजार को दम मिला।
- **डर बरकरार:** पश्चिम एशिया में युद्ध और कच्चे तेल का 104 डॉलर के पार पहुंचना अब भी बड़ी चिंता है।

बाजार में तेजी

- **सेंसेक्स:** +938.93 अंक
- **निफ्टी:** +257.70 अंक
- **FII बिकवाली (शुक्रवार):** 10,716.64 करोड़ रुपये।
- **DII खरीदारी:** 9,977.42 करोड़ रुपये।
- **चांदी :** 9,000 रु. की गिरावट
- **सोना :** 2,950 रुपये सस्ता
- **मजबूती:** रुपया 2 पैसे की बढ़त के साथ 92.28 पर बंद हुआ

केंद्र ने कहा, पश्चिम एशिया संकट का आगे निर्यात पर दिखेगा असर

निर्यातकों की मदद के उपायों का ऐलान हफ्तेभर में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पश्चिम एशिया में बने हालात के चलते व्यापार के लिहाज से मार्च के महीने में चुनौतियां दिख रही हैं। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को फरवरी के आयात-निर्यात के आंकड़े जारी करते हुए यह बात कही। फरवरी में भारत से निर्यात सालभर पहले के इसी महीने के मुकाबले 0.81% घटकर 36.61 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं, आयात 24.11% बढ़कर 63.71 बिलियन डॉलर होने के साथ व्यापार घाटा 27.1 बिलियन डॉलर रहा। यह ट्रेड डेफिसिट जनवरी के 36.48 बिलियन डॉलर से कम रहा, लेकिन सालभर पहले के फरवरी में 14 बिलियन डॉलर के लगभग दोगुने पर है। कॉमर्स सेक्रेटरी ने कहा कि पश्चिम एशिया में बने हालात से निपटने में निर्यातकों की मदद के लिए मंत्रालय अगले एक सप्ताह में कुछ कदमों का ऐलान करेगा।

फरवरी के आंकड़े ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने से पहले के हैं। अग्रवाल ने कहा, 'व्यापार के मोर्चे पर एक के बाद एक चुनौतियां आ रही हैं। मार्च ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा। निर्यात घटेगा। उस इलाके में निर्यात का जितना हिस्सा हमारे हाथ से निकलेगा, हम दूसरे मार्केट्स में ज्यादा एक्सपोर्ट के जरिए उसकी भरपाई की कोशिश करेंगे।'

फरवरी में हालात

- फरवरी में निर्यात घटा, व्यापार घाटा 27 बिलियन डॉलर से ज्यादा
- गोल्ड-सिल्वर इंपोर्ट सालभर पहले से तीन गुने से ज्यादा रहा
- अमेरिका को निर्यात में गिरावट जारी, फरवरी में 13% कम

AI Image

गोल्ड इंपोर्ट में बढ़ोतरी

अग्रवाल ने कहा कि फरवरी में निर्यात में कमी मुख्य रूप से पेट्रोलियम शिपमेंट्स की वैल्यू घटने से आई, वहीं ट्रेड डेफिसिट बढ़ने में सोने-चांदी के ज्यादा आयात का हाथ रहा। गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले से 218.55% बढ़कर 7.45 बिलियन डॉलर का रहा। सिल्वर इंपोर्ट 285.23% बढ़कर 1.66 बिलियन डॉलर का रहा।

US को निर्यात घटा

ज्यादा टैरिफ के बीच अमेरिका को निर्यात घटने का सितंबर से शुरू हुआ सिलसिला जारी रहा। फरवरी में यह 12.88% घटकर 6.88 बिलियन डॉलर रहा। अमेरिका का 10% टैरिफ 24 फरवरी को लागू हुआ था। उसके पहले 50% टैरिफ था। चीन को निर्यात 32.37% बढ़कर 1.67 बिलियन डॉलर हो गया। आयात 30.5% बढ़कर 11.95 बिलियन डॉलर का रहा।

Magicbricks, NAREDCO में करार

अब डेटा, रिसर्च से मिलेगी प्रॉपर्टी की सही जानकारी

AI Image

■ NBT रिपोर्ट: भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर को डेटा और रिसर्च के जरिए और भी बेहतर बनाने के लिए मैजिकब्रिक्स (Magicbricks) और नैशनल रियल एस्टेट डिवेलपमेंट काउंसिल (NAREDCO) ने हाथ मिलाया है। इस साझेदारी का मकसद रिसर्च पर आधारित चर्चाओं, सही पॉलिसी और देश भर में जानकारी फैलाने के काम को एक व्यवस्थित रूप देना है।

एक साल के लिए हुए इस समझौते (MoU) के तहत, मैजिकब्रिक्स 'नॉलेज पार्टनर' की भूमिका निभाएगा और MBTV के जरिए नारेडको की सभी गतिविधियों का ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट पार्टनर होगा। दोनों मिलकर रिसर्च रिपोर्ट जारी करेंगे और हर महीने खास न्यूजलेटर निकालेंगे। इससे घर खरीदने वालों को सही जानकारी मिलेगी। इससे खरीदार पूरे भरोसे और स्पष्टता के साथ बाजार को समझ पाएंगे और सही फैसला ले सकेंगे। इस साझेदारी के तहत इंडस्ट्री की बड़ी चर्चाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

NAREDCO आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत डिवेलपर्स और इस सेक्टर से जुड़े लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यह साझेदारी इस पूरे सेक्टर को और ज्यादा प्रोफेशनल और संस्थागत बनाने की कोशिशों का ही हिस्सा है। इस गठबंधन के साथ Magicbricks खुद को सिर्फ प्रॉपर्टी लिस्टिंग प्लेटफॉर्म से आगे बढ़ाकर एक 'नॉलेज-लीडर' के रूप में स्थापित कर रहा है।

फरवरी में थोक महंगाई 11 महीनों में सबसे ज़्यादा, और बढ़ने के आसार

कच्चा तेल, LPG के ऊंचे भाव का दिखेगा असर: एक्सपर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : खाद्य पदार्थों और कारखानों में बनी चीजों के भाव बढ़ने से फरवरी में थोक महंगाई दर 11 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) आधारित महंगाई दर 2.13% रही। यह सालभर पहले के इसी महीने के 2.45% से कम है, लेकिन तस्वीर यह है कि महंगाई दर लगातार चौथे महीने बढ़ी है। विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च के आंकड़े भी ज्यादा रहेंगे क्योंकि इस पर क्रूड ऑयल और LPG के ऊंचे भाव का असर दिखेगा।

AI Image



जनवरी में थोक महंगाई दर 1.81% थी। वहां से फरवरी में महंगाई दर 0.25% बढ़ी है। मंत्रालय के मुताबिक, फरवरी में खाने-पीने की चीजों में महंगाई दर 2.19% रही, जो जनवरी में 1.55% थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा, 'होलसेल इंफ्लेशन मार्च से तेजी से बढ़ेगी। बेस इफेक्ट के साथ इसमें क्रूड ऑयल के ऊंचे भाव का असर भी दिखना शुरू होगा।'

चिंता बढ़ी

- फरवरी थोक महंगाई (WPI): 2.13%
- जनवरी थोक महंगाई: 1.81%
- खाने की चीजों की महंगाई: 2.19%
- रिटेल महंगाई (फरवरी): 3.2%

NBT Lens – खबरों के अंदर की बात

इसलिए अहम हैं होलसेल आंकड़े

रेपो रेट पर फैसला करने में RBI होलसेल इंफ्लेशन के बजाय रिटेल इंफ्लेशन को तवज्जो देता है। WPI में नैचरल गैस, पेट्रोलियम और क्रूड ऑयल का वेट 10.4% है। CPI में इनका हिस्सा 4.8% है। इसलिए, 100 डॉलर/बैरल से ज्यादा हो चुके कच्चे तेल का असर होलसेल इंफ्लेशन में ज्यादा दिखेगा। इसका असर कारखानों में बनने वाली चीजों की लागत पर पड़ेगा। यह लागत खुदरा बिक्री में ट्रांसफर होगी और रिटेल इंफ्लेशन में असर डालेगी। रिटेल इंफ्लेशन बढ़कर फरवरी में 3.2% हो चुकी है।

पश्चिम एशिया की जंग ने IPO बाज़ार पर लगाया ब्रेक

AI Image

■ NBT रिपोर्ट : पश्चिम एशिया में युद्ध और शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव की वजह से भारतीय कंपनियों ने अपने IPO लाने के प्लान को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पिछले साल के मुकाबले इस साल फंड जुटाने की रफ्तार कम हुई है। PhonePe ने सोमवार को बताया कि कंपनी ने अपनी लिस्टिंग की प्रक्रिया को फिलहाल टाल दिया है। हालांकि, एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह केवल कुछ समय की रुकावट है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए कंपनियां सही समय का इंतजार कर रही हैं।

TOI के मुताबिक, UBS India के अभिषेक जोशी का कहना है कि निवेशक अभी नए सौदों में जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं। निवेशक यह देखना चाहते हैं कि ये हालात आगे क्या मोड़ लेंगे और इनका अर्थव्यवस्था पर छोटे और लंबे समय में क्या असर होगा। Uniqus कंसल्टेक के पार्टनर रघुराम के. ने बताया कि कंपनियां अभी 'वेट एंड वॉच' की नीति अपना रही हैं। जैसे ही हालात सुधरेंगे, ये दोबारा IPO लाने की दिशा में बढ़ेंगी।

Ambit के विकास खट्टर का कहना है कि बाजार के बिगड़े मूड और लिस्टिंग के बाद खराब प्रदर्शन की वजह से 2026 में IPO की रफ्तार धीमी पड़ गई है। पिछले साल आए 100 से ज्यादा IPO में से 30% ने लिस्टिंग वाले दिन ही नुकसान दिया। 65% तो अपनी इश्यू प्राइस से भी नीचे कारोबार कर रहे हैं। पश्चिम एशिया की जंग ने आग में घी का काम किया। अब लोग IPO में पैसा लगाने से हिचक रहे हैं। पहले जहां औसतन 28 गुना डिमांड आती थी, वह अब घटकर सिर्फ 3 गुना रह गई है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP9 User: cci Time: 03-16-2026 22:18 Color:

मैंने हमेशा अपनी भूमिका को बस एक मशाल थामने वाले के तौर पर देखा है। मैंने पिछली पीढ़ी से मशाल थामी- एक खिलाड़ी या फिर बतौर एक कोच- मैंने बस उस अच्छे काम को आगे बढ़ाया है, जो दूसरे लोगों ने किया था। -राहुल द्रविड़, पूर्व कप्तान, भारतीय क्रिकेट टीम

221 विकेट लिए हैं युजवेंद्र चहल ने IPL में। IPL इतिहास में 200+ विकेट लेने वाले इकलौते बॉलर हैं। दूसरे स्थान पर भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने 198 विकेट लिए हैं।

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1 इंडियन वेल्स ओपन टेनिस 2026 का मेंस सिंगल्स टाइटल किसने जीता?
A) कार्लोस अल्काराज B) डेनियल मेदवेदेव C) यानिक सिनर D) बेन शेल्टन

2 IPL इतिहास में कितने बोलर्स ने 200+ विकेट लिए हैं?
A) एक B) दो C) तीन D) चार

कल के जवाब
ग्लेन मैक्सवेल 2. B) 117

लकी WINNER
1. आदि, गुरुग्राम, हरियाणा
2. बलबीर सिंह, गाजियाबाद, यूपी
3. नवीन, शाहदरा, दिल्ली

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

अर्शदीप, यानसेन, चहल के रहते टीम का बोलिंग अटैक घातक

इस सीजन तिकड़ी की धार बनाएगी पंजाब को 'किंग'!

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में पंजाब किंग्स एक ऐसी टीम है, जिसके पास हर सीजन टैलंट की कमी नहीं रही, लेकिन ट्रॉफी उससे हमेशा एक कदम दूर ही रही। उम्मीदें जगीं, प्रदर्शन भी दमदार रहा, मगर अंत में किस्मत ने अक्सर पीठ फेर ली। हालांकि, इस बार हालात कुछ बदले सकते हैं। पिछले सीजन की फाइनलिस्ट पंजाब किंग्स इस बार भी एक ऐसी घातक 'बोलिंग तिकड़ी' के साथ मैदान में उतरेगी, जो किसी भी बैटिंग ऑर्डर की नींद उड़ा सकती है। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन और युजवेंद्र चहल-तीनों मिलकर पंजाब के अटैक को धारदार बनाते हैं। नई गेंद से अर्शदीप की स्विंग और सटीकता, लंबे यानसेन की अतिरिक्त उछाल और बीच के ओवरों में चहल की चालाकी, यह कॉम्बिनेशन हर स्टेज में विपक्ष को दबाव में रखने की क्षमता रखता है। खास बात यह है कि डेथ ओवरों में रन रोकने का जिम्मा भी इस तिकड़ी के कंधों पर मजबूती से टिका दिखता है। पेस और स्पिन का यह संतुलन पंजाब किंग्स को न सिर्फ मैच जिताने की स्थिति में लाता है, बल्कि उन्हें खिताब की दौड़ का सबसे गंभीर दावेदार भी बनाता है। सवाल सिर्फ एक है, क्या यह धारदार तिकड़ी वर्षों से चले आ रहे ट्रॉफी के इंतजार को आखिरकार खत्म कर पाएगी? जवाब पाने के लिए तो थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन संकेत साफ हैं-इस बार 'किंग्स' सिर्फ नाम के नहीं, इरादों के भी हैं।

बेस्ट बोलिंग लाइन अप: बोलिंग डिपार्टमेंट में पंजाब किंग्स के पास हर वो पत्ते हैं, जो किसी टीम को जीत दिलाने के लिए चाहिए होते हैं। टीम के पास IPL इतिहास में 200+ विकेट लेने वाला इकलौते बोलर चहल हैं। उनके नाम IPL में 221 विकेट हैं, जो इस लीग में हाईएस्ट है। अर्शदीप ने डेब्यू के बाद से IPL में पावरप्ले में कुल 36 विकेट लिए हैं। यह लीग में उनके डेब्यू से पांचवां हाईएस्ट है। टॉप पर ट्रेंट बोल्ट हैं, जिन्होंने पावरप्ले में 63 विकेट लिए हैं। अर्शदीप भारत के सबसे सफल टी20I बोलर भी हैं। उनके नाम टी20I में 127 विकेट हैं। साउथ अफ्रीका के लंबे कद के पेसर यानसेन ने पिछले सीजन 16 विकेट निकाले थे। वह अर्शदीप (21) के बाद चहल (16) के साथ टीम के लिए संयुक्त रूप से दूसरे सर्वाधिक थे। इसके अलावा टीम में विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट और लॉकी फर्ग्युसन भी हैं।

डिफेंड किया था छोटा स्कोर: टीम ने पिछले सीजन टारगेट का बचाव करते हुए 10 में से पांच मैच जीते थे, संयुक्त सर्वाधिक थे। पंजाब ने पिछले सीजन ही कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 112 रन के टारगेट को डिफेंड किया था।

255 चौके लगे थे पंजाब किंग्स की ओर से IPL के पिछले सीजन में। यह बीते सीजन तीसरे सर्वाधिक थे

245 रन बनाए थे पिछले सीजन में पंजाब ने हैदराबाद के खिलाफ एक मैच में। यह बीते सीजन टीम का हाईएस्ट स्कोर था

IPL 2026

बैटिंग भी दमदार

पंजाब किंग्स की बैटिंग भी काफी दमदार है। टीम का टॉप-4 पिछले सीजन टूर्नामेंट का बेस्ट रहा था। पहले चार बैटर्स ने 17 मैच में 2032 रन बनाए थे। ये रन 167.65 स्ट्राइक रेट से बने थे। यह स्ट्राइक रेट किसी अन्य टीम के मुकाबले काफी बेहतर था। ओपनर प्रभसिमरन सिंह (549 रन, स्ट्राइक रेट 160.52) और प्रियांश आर्य (475 रन, स्ट्राइक रेट 179.24) के अलावा श्रेयस अय्यर (604 रन, स्ट्राइक रेट 175.07) बीते सीजन विपक्षी बोलर्स के लिए सिरदर्द बने रहे थे।

डेथ ओवर्स में बेस्ट

टी20 में डेथ ओवर्स बैटिंग और बोलिंग दोनों के लिहाज से अहम है। पंजाब इन दोनों पहलुओं पर खरी उतरती है। पिछले सीजन टीम की डेथ ओवर्स में बैटिंग बेस्ट रही। पंजाब ने डेथ ओवर्स में 186.35 स्ट्राइक रेट से 359 रन बनाए थे और 50 सिक्स भी लगाए थे। इन तीनों आंकड़ों में पंजाब से बेहतर कोई दूसरी टीम नहीं थी। डेथ ओवर्स में पंजाब के बोलर्स ने 33 विकेट निकाले थे, जो सिर्फ मुंबई इंडियंस (37) से कम थे।



NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सूर्य में टेस्ट की 'कसक' बाकी

■पीटीआई, नई दिल्ली: भारत के टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट में भी खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है, क्योंकि उसमें उनका 'हाथ सेट हो गया है'। सूर्य भारत को वर्ल्ड कप में शानदार सफलता दिलाने से बेहद खुश थे।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न खेलने की अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की। सूर्य ने याद दिलाया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी रेड बॉल से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्रॉफी खेली। मैंने मुंबई में रेड बॉल से बहुत क्रिकेट खेली है, लेकिन धीरे-धीरे जब हमने वाइट बॉल से क्रिकेट खेलनी शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं टी20 फॉर्मेट में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया। टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।' सूर्य से जब पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिले तो क्या वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे? उन्होंने जवाब दिया, 'मुझे बहुत खुशी होगी, क्योंकि मैंने 2010-11 से 2020 तक रेड बॉल से काफी क्रिकेट खेली है।'

'मन की आवाज' पर चुना था ईशान को टीम में।

कप्तान सूर्य ने कहा कि 'पावर हिटर' ईशान किशन को टी20 वर्ल्ड कप की टीम में चुनने का फैसला विशुद्ध रूप से मन की आवाज पर लिया गया था, क्योंकि उन्हें महसूस हुआ था कि बिहार के इस बल्लेबाज में 'एक्स फैक्टर' है जो मैच में निर्णायक साबित हो सकता है। उनसे पूछा गया था कि जितेश शर्मा की बजाय ईशान के चयन के फैसले की क्या वजह थी? उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल मन की आवाज पर लिया गया फैसला था। उस समय जितेश के लिए यह काफी कठिन था क्योंकि वह एक साल से अधिक समय से टीम के साथ थे। और वह खेल रहे थे, अगर नहीं खेल रहे होते तो कहानी अलग होती।'

करियर की खास पारी

मेरे लिए वह गर्व का पल था: वैभव

■एजेंसियां, जयपुर: क्रिकेट के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए शतक को अपने करियर की 'विशेष' पारी करार दिया। सूर्यवंशी ने महज 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने में सफल रहा। राजस्थान रॉयल्स की नई जर्सी के लॉन्च के अवसर पर सूर्यवंशी ने कहा, 'मेरे लिए करियर का अभी तक का यादगार पल अंडर-19 वर्ल्ड कप (हरारे में) की फाइनल पारी है। मैं पहली बार अंडर-19 वर्ल्ड कप में खेल रहा था। फाइनल में शतक बनाना मेरे लिए गर्व का क्षण था। फाइनल में मैंने टीम के लिए जो योगदान दिया वह विशेष था।' इस साल के IPL में अपने लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर सूर्यवंशी ने कहा कि वह केवल प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वैभव सूर्यवंशी

चिन्नास्वामी में मैच को सरकार की हरी झंडी

मुंबई इंडियंस के कैंप के दौरान हेड कोच जयवर्धने (दाएं) और टीम का एक खिलाड़ी

■एजेंसियां, बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KSCA) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस वर्ष होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मैचों की मेजबानी की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस मैदान पर IPL मुकाबलों को लेकर बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है। पिछले वर्ष RCB के चैंपियन बनने के बाद आयोजित समारोह के दौरान वहां मची भगदड़ में कुछ लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे थे। इसी कारण राज्य सरकार ने आयोजन को लेकर विस्तृत समीक्षा की थी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति, KSCA, RCB और उनकी प्रबंधन कंपनी डीएनए के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया।

IPL अपडेट

हार्दिक को बेस्ट देना होगा:हरभजन

नई दिल्ली: भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि अगर मुंबई इंडियंस को आगामी IPL में मजबूत चुनौती पेश करनी है तो कप्तान हार्दिक पंड्या को अपनी असली क्षमता दिखानी होगी और आगे बढ़कर टीम की अगुआई करनी होगी। भज्जी ने कहा, 'हार्दिक को अपना असली हार्दिक वाला रूप दिखाना होगा। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। जब वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना शुरू करेंगे तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।'

नए सीजन के लिए मुंबई इंडियंस की तैयारी शुरू

मुंबई: पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने आगामी IPL सीजन की तैयारी के लिए सोमवार से अपना ट्रेनिंग कैंप शुरू कर दिया। टीम अपना पहला मुकाबला 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ खेलेगी। कैंप में खिलाड़ियों का पहला समूह टीम से जुड़ चुका है। इसमें शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजनफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल हैं। टीम के अनुभवी प्लेयर्स रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पंड्या आने वाले दिनों में कैंप से जुड़ेंगे। हेड कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि सीजन से पहले कैंप का पहला दिन हमेशा खास होता है क्योंकि इससे टीम में नई ऊर्जा आती है।

AFC को भरोसा, ईरान खेलेगा वर्ल्ड कप में

वॉर का असर

■एजेंसियां, कुआलालंपुर: ईरानी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के आगामी फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के बारे में जारी अटकलों के बीच एशियन फुटबॉल परिसंघ (AFC) के महासचिव विंडसर पॉल जॉन ने कहा है कि ईरान जून में अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले वर्ल्ड कप में भाग लेगा।

सोमवार को जॉन ने कहा कि AFC ने ऐसा कुछ नहीं सुना है जिससे यह आशय निकाला जाए कि ईरान नहीं खेलेगा। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'वे हमारे सदस्य हैं और हम चाहते हैं कि वे खेलें। जहां तक मुझे पता है, ईरान खेल रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह काफी भावुक पल है और हर कोई बहुत कुछ कह रहा है। आखिर में ईरानी फुटबॉल महासंघ को तय करना चाहिए कि वे खेल रहे हैं या नहीं। अभी तक तो उन्होंने हमें यही कहा है कि वे वर्ल्ड कप में खेलने जा रहे हैं।'

महिला टीम मलयेशिया से होगी रवाना

ईरानी महिला फुटबॉल टीम सोमवार रात मलयेशिया से रवाना होगी। इससे कई दिनों से चली आ रही अनिश्चितता की स्थिति खत्म हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगकर विवाद खड़ा करने वाली टीम की सात सदस्यों में से अधिकतर ने अपने फैसले बदल लिए हैं और कुआलालंपुर में फिर से टीम से जुड़ गई हैं। जॉन ने बताया कि टीम के सोमवार रात को रवाना होने का इंतजाम ईरानी एंबेसी ने किया है। विंडसर ने कहा कि कुआलालंपुर में ईरानी टीम की मदद कर रहे AFC को बताया गया है कि वे ओमान जा रहे हैं, लेकिन वह उनकी अंतिम मंजिल नहीं है। AFC महासचिव ने कहा कि उन्हें टीम की पूरी यात्रा योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं है।

हार के बाद पाक ने की शिकायत

क्रिकेट कनेक्ट

■एजेंसियां, ढाका: बांग्लादेश के हाथों वनडे सीरीज में 1-2 की हार के बाद पाकिस्तान ने अंपायरिंग पर हार का ठीकरा फोड़ा है। संडे को ढाका में तीसरा मैच गंवाने के बाद पाकिस्तान टीम ने मैच के दौरान हुए अंपायरिंग फैसले को लेकर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। टीम मैनेजमेंट ने मैच रेफरी के पास ऑन-फील्ड अंपायर के एक विवादित निर्णय के खिलाफ आपत्ति जताई है। यह विवाद मैच की आखिरी से दूसरी गेंद पर लिए गए एलबीडब्ल्यू रिव्यू से जुड़ा है। पाकिस्तान का आरोप है कि बांग्लादेश टीम ने बड़ी स्क्रीन पर रिप्ले देखने के बाद रिव्यू लेने का फैसला किया, जोकि तय नियमों के खिलाफ है। नियमों के मुताबिक, किसी भी टीम को रिव्यू लेने का फैसला रिप्ले स्क्रीन पर आने से पहले करना होता है।

फरहान, जैक्स नॉमिनेट

नई दिल्ली: पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक को आईसीसी के फरवरी महीने के बेस्ट प्लेयर के पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। तीनों खिलाड़ियों ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपनी-अपनी टीमों के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। फरहान ने 6 मैचों में 2 शतक सहित 383 रन बनाए थे।

भविष्य की तैयारी

खिलाड़ियों पर केंद्रित नीतियां जरूरी: उषा

■एजेंसियां, नई दिल्ली: भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत में खेल प्रशासन के लिए नीतियां ऐसी होनी चाहिए कि निर्णय लेने में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा जाए। भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन उषा ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासकों और खेल इकाइयों की सर्वोपरि प्राथमिकता खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास रहे।

पीटी उषा

सिनर और सबालेंका बने चैंपियन

इंडियन वेल्स ओपन टेनिस

■एजेंसियां, इंडियन वेल्स: इटली के यानिक सिनर ने अपने ट्रॉफी कैबिनेट में एक और नया खिताब जोड़ लिया है। वर्ल्ड नंबर-2 सिनर ने इंडियन वेल्स मेंस सिंगल्स फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से जीता। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट गंवाए बिना पहली बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। विमिंस सिंगल्स में आरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना की चुनौती पार करते हुए टाइटल अपने नाम किया। सबालेंका ने भी इस खिताब को पहली बार जीता है। सिनर इस जीत के साथ रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच के बाद हार्ड कोर्ट पर सभी छह ATP-1000, ATP फाइनल्स, ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

आरिना सबालेंका

पार की आखिरी बाधा

WTA फाइनल्स और ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में लगातार दो फाइनल गंवाने के बाद रिबाकिना के खिलाफ उतरी सबालेंका ने अंततः अपना बदला पूरा किया। हालांकि, इस फाइनल में सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद कमबैक करते हुए दूसरा और तीसरा सेट अपने नाम किया। सबालेंका ने 3-6, 6-3, 7-6 से टाइटल जीता। सत्ताईस वर्षीय सबालेंका इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही थी।

मनप्रीत रेकॉर्ड तोड़ दें तो खुशी होगी: टिर्की

हॉकी



■एजेंसियां, कोलकाता: हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की ने कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 इंटरनैशनल मैच खेलने के रेकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। मनप्रीत ने अभी तक 411 इंटरनैशनल मैच खेले हैं। टिर्की ने कहा, 'रेकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं। मेरे हॉकी इंडिया के अध्यक्ष रहते हुए किसी भारतीय खिलाड़ी का यह रेकॉर्ड बनाना मेरे लिए खास होगा।'

दिलीप टिर्की

फटाफट खबरें

पंजाब-गोवा मैच ड्रॉ

■लुधियाना: शुरुआती बढ़त बनाने के बावजूद मेजबान पंजाब एफसी को गोवा एफसी के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दोनों टीमों ने मुकाबले में 1-1 गोल किया। पंजाब के लिए 27वें मिनट में एफिओन्गा एनसुमुसी ने गोल दागा, जबकि गोवा को 53वें मिनट में डेजान ड्राजिच ने बराबरी दिलाई। गोवा का यह छठे मैच में चौथा ड्रॉ है, जबकि पंजाब की टीम का पांच मैच में तीसरा।

दीक्षा टॉप टेन में

■एडिलेड: भारत की दीक्षा डागर ऑस्ट्रेलियन महिला ओपन में साधारण प्रदर्शन के बावजूद लेडीज यूरोपियन टूर के ऑर्डर ऑफ मेरिट में टॉप-10 में पहुंच गई हैं। दीक्षा इस टूर्नामेंट में संयुक्त 45वें स्थान पर रहीं।

क्रिकेट, एड्रिस पर निगाहें

■बेंगलुरु: युगांडा के हार्डट क्रिकेट और इथियोपिया के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन मुकतार एड्रिस आगामी टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु दौड़ के मुख्य आकर्षण होंगे। वर्ल्ड एथलेटिक्स के गोल्ड लेबल दर्जे वाली इस प्रतिष्ठित दौड़ में कई अंतरराष्ट्रीय धावक हिस्सा लेंगे।

PSPB, RBI फाइनल में

■इंदौर: पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (PSPB) और भारतीय रिजर्व बैंक खेल बोर्ड (RBI) ने यूटीटी सीनियर नैशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप के महिला वर्ग के फाइनल में जगह बना ली। PSPB ने यूपी को एकतरफा मुकाबले में हराया, जिसमें सिंड्रेला दास, तनीषा कोटेचा और सयाली वानी ने जीत में अहम भूमिका निभाई।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानेंगे और उनके अनुसार चलने का प्रयास करेंगे तो आपको आत्मसंतोष होगा। कभी-कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानेंगे और उनके अनुसार चलने का प्रयास करेंगे तो आपको आत्मसंतोष होगा। कभी-कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

GEMINI 21 May - 21 Jun
नवम भाव में चंद्रमा और राशि से द्वितीय भाव में कर्क राशि का बृहस्पति आज आपको राज्य से सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा। व्यापार में आज आपको अपने पार्टनर्स से समर्थन मिलेगा तथा पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से आज का दिन शुभ है। जानकार में कमी होगी।

CANCER 22 Jun - 22 July
आपकी राशि पर प्रथम भाव का बृहस्पति तथा कुंभ का ही अष्टम में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति कराएगा। नए संबंधों में स्थायित्व होगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी आपको सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात्रि का समय मनोरंजन उत्सव में बीतेगा। कुछ भी काम शुरू करने से पहले, बड़े-बुजुर्गों की राय लें।

LEO 23 July - 22 Aug
आज आपकी राशि पर सप्तम प्रसुप्त केंद्र भाव में चंद्रमा तथा अष्टम भाव में शनि आ जाएंगे। इसके फलस्वरूप आज आपको आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह का प्रसंग प्रबल होकर फाइनल हो सकता है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आपकी राशि से सप्तम भाव चंद्रमा संचार कर रहा है। अतः अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अचानक कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। हर परिस्थिती के लिए आज के दिन आप तैयार रहें। कार्यालय में किसी सहकर्मी का सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए महापुरुषों से मेल-जोल कराता है। दोपहर के समय में आपको लाभ मिल सकता है। नए कार्य में वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने लटके हुए कार्यों को बना लेने का मौका भी आज आपको मिलेगा। बस ध्यान रहे कि जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या किसी और का, आज आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी टेंशनों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सायंकाल का समय परिवार के साथ व्यतीत करें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज आपकी राशि से द्वितीय का चंद्रमा धन व कुटुंब की वृद्धि तथा राज्य हित वर्धक है। बहन-भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो आज के दिन बिल्कुल भी न दें।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
राशि का स्वामी शनि द्वितीय मीन राशि में राजनीतिक क्षेत्र में सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वंद्वी आपसे पीछे रह जाएंगे। आपकी सफलता देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। दोपहर के समय कोई शुभ समाचार मिल सकता है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी और आपको नौनिहाल से मान-सम्मान मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से शुभ समाचार मिलने का आज पूरा दिन योग बना रहेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु षड्यंत्र करेंगे जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मार्गी चल रहा है।

सुडोकू

			2			9		8
9	7				5			
		5	8		4			
1	8		5		9		7	3
3	5		4		7		2	6
			9		3	7		
			7				9	5
7		1			8			

कल के सुडोकू का जवाब

2	8	1	9	6	7	3	5	4
4	3	9	2	5	1	6	8	7
5	7	6	3	4	8	9	2	1
7	4	8	5	1	9	2	3	6
9	2	3	4	7	6	8	1	5
6	1	5	8	2	3	4	7	9
3	9	7	1	8	4	5	6	2
8	6	2	7	9	5	1	4	3
1	5	4	6	3	2	7	9	8

TELEVISION big magic

09:00 हप्पू हप्पू
10:00 बुद्धू बुढ़क
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 पालनहारी अघोर कृष्ण
13:00 भरे भड़े
14:30 हम पंच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लाइफ
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 पैंठ

कल का पंचांग
(बुधवार, 18 मार्च 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 27, शक संवत् 1947, चैत्र कृष्ण, चतुर्दशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर चैत्र मास प्रविष्टे 5, रमजान 28, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 18 मार्च 2026 ई। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, बसंत ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। चतुर्दशी तिथि प्रातः 8 बजकर 26 मिनट तक उपरांत अमावस्या तिथि का आरंभ। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र अगले दिन सुबह 5 बजकर 21 मिनट तक उपरांत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। शुभ योग अगले दिन तड़के 4 बजकर 1 मिनट तक उपरांत शुक्ल योग का आरंभ। चन्द्रमा रात्रि 11 बजकर 36 मिनट तक कुंभ उपरांत मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार मासशिवरात्रि व्रत, मेला पृथूदक-पिहोवा तीर्थ (हरियाणा)।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष कर्क लग्न में प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी चंद्र है। मार्च शेष से अप्रैल अंत तक अगर अपने कार्य का समय पर निष्पादन न हो सके तो कहीं पर भी विश्वासघात हो सकता है। मई में नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन से यथोचित लाभ होगा। जून-जुलाई तक का समय स्वास्थ्य के लिए ठीक रहेगा। अगस्त-सितंबर में सभी काम कठिन परिश्रम और व्यय करने के बाद बन जाएंगे। अक्टूबर-नवंबर में किसी मंगलकार्य की योजना बनेगी। दिसंबर में तीर्थ यात्रा का योग है। जनवरी-फरवरी में स्वयं के ज्ञान पर व्यय करना सुखद सिद्ध होगा। मार्च तक भाइयों के सहयोग से नई योजना क्रियान्वित होगी। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in